▪ पौष शुक्ल - 10 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 165 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 09-01-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 रोहित और कोहली को घरेलू क्रिकेट में खेलते देखना चाहते हैं शास्त्री

6 केजरीवाल के लिए बढी हुई हैं चुनौतियां

7 मेरी बच्ची भारत के गांव से होगी, उसका नाम मलाला होगा : सोमी अली



## फर्स्ट टेक

### बेंगलूरु में होमगार्ड जवान ने पत्नी, बेटी और भतीजी की हत्या की

**बेंगलूरु/भाषा।** बेंगलूरु में होमगार्ड के एक जवान ने बुधवार को जालाहल्ली क्रॉस पर अपनी पत्नी, बेटी और भतीजी की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हेब्बागोडी पुलिस थाने से संबद्ध होमगार्ड गंगाराजू (42) ने कथित तौर पर अपनी पत्नी भाग्या (36), बेटी नव्या (19) और भतीजी हेमावती (23) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बेंगलूरु पूर्व के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने संवाददाताओं को बताया, सूचना मिलने पर हमारी गश्ती टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और तीनों महिलाओं को मृत पाया, जिनके शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। हमने होमगार्ड के तौर पर काम करने वाले गंगाराजू को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### ‘रामायण: द लेजेंड ऑफ़ प्रिंस रामा’ भारत में 24 जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली/भाषा।** एनिमेशन फिल्म ‘रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा’ 24 जनवरी को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के वितरकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पहले इस एनिमेटेड फिल्म को 18 अक्टूबर 2024 को ‘4घ’ प्रारूप में इसके मूल अंग्रेजी संस्करण के साथ ही हिंदी, तमिल और तेलुगु में भी रिलीज़ किया जाना था। गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट भारत भर में इस फिल्म के वितरक हैं। ‘गीक पिक्चर्स इंडिया’ के सह-संस्थापक अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि वे प्रशंसकों और अन्य दर्शकों के समक्ष यह ‘‘महाकाव्य’’ पेश करने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वर्ष 1993 में बनी भारतीय जापानी फिल्म ‘रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा’ का निर्देशन युगो साको, राम मोहन और कोइची सासाकी ने किया है।

### दक्षिणी यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में 13 नागरिक मारे गए

**कीव/एपी।** दक्षिणी यूक्रेन के शहर जापोरिज्जिया पर बुधवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट की गई फुटेज में मलबे के ढेर के बीच नागरिकों के शव सड़क पर पड़े नजर आए। आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि हमले में कम से कम 13 नागरिक मारे गए। हमले से कुछ मिनट पहले उन्होंने जापोरिज्जिया क्षेत्र में हाई-स्पीड मिसाइलों और ग्लाइड बमों के दागे जाने के खतरे की चेतावनी दी थी।

09-01-2025 सूर्यास्त 5:58 बजे | 10-01-2025 सूर्योदय 6:34 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 78,148.49 | 23,688.95 |
| (-50.62) | (-18.95) |


| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,014 रु. | 100,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सुगबुगाहट

संसेक्स गिर रहा रोज-रोज,
बाजारों में घबराहट है।
जीडीपी का सूचक नीचे,
उसमें भी बढ़ी गिरावट है।
संकेत दे रहे बैंक आज,
सिस्टम में बढ़ी कसावट है।
अब भाव बढ़ रहे सोने के,
समझो मंदी की आहट है।।

# अब समय है नई भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने आंध्र प्रदेश : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ प्रधानमंत्री ने हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**विशाखापत्तनम/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र बना है लेकिन अब समय है कि दक्षिण का यह महत्वपूर्ण राज्य नई भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने।

प्रधानमंत्री ने यहां हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही।

वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद मोदी की राज्य की यह पहली यात्रा थी। आंध्र प्रदेश में तेदेपा, भाजपा और जनसेना के गठजोड़ ने केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की मौजूदगी में डिजिटल माध्यम से विशाखापत्तनम के पास पुदीमदका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की हरित हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला भी रखी। यह राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला हरित हाइड्रोजन हब है।

मोदी ने कहा, ‘‘आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है कि आंध्र नई भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने। हमें उभरती हुई तकनीकों का नेतृत्व करना चाहिए, जैसे कि हरित हाइड्रोजन का उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।’’ उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया था और हमारा लक्ष्य 2030 तक 50 लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का



## तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में

# वैकुंठ द्वार दर्शनम का टिकट पाने की कोशिश कर रहे चार श्रद्धालुओं की भगदड़ में मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बुधवार रात भगदड़ मचने से तीन महिलाओं सहित चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह भगदड़ उस समय मची, जब वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने की कोशिश कर रहे सैकड़ों लोग धक्का-मुक्की कर रहे थे।

देश भर से सैकड़ों श्रद्धालु 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए यहां आए हैं। अधिकारी ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, ‘‘भगदड़ में तीन महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई।’’

इस बीच, पुलिस द्वारा कुछ महिला श्रद्धालुओं को सीपीआर देने और घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस में ले जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं।

## इसरो के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा

# इसरो के पास आगे बड़े मिशन हैं : वी नारायणन



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** प्रख्यात रॉकेट वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नवनियुक्त अध्यक्ष वी नारायणन ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी एक सफल दौर से गुजर रही है और उसके पास चंद्रयान-4 तथा गगनयान जैसे मिशन हैं। अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो के अध्यक्ष के रूप में अपने नए कार्यकाल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नारायणन ने कहा कि इस उत्कृष्ट संस्था का हिस्सा बनने पर वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ‘‘ यह एक महान संस्था है। कई श्रेष्ठ लोगों ने इसका नेतृत्व (अतीत में) किया है। मैं इसका हिस्सा बनना सौभाग्य मानता हूं।’’

एक प्रश्न के उत्तर में नारायणन ने कहा कि इस नई नियुक्ति के बारे में जानकारी सबसे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने उन्हें दी थी। उन्होंने कहा, ‘‘ प्रधानमंत्री सब कुछ तय कर रहे हैं। पीएमओ ने संपर्क किया। मौजूदा अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी फोन कर नई नियुक्ति के बारे में जानकारी दी।’’ इसरो की आगामी परियोजनाओं के बारे में पूछे जाने पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि यह वह समय है जब अंतरिक्ष एजेंसी महत्वपूर्ण मिशनों पर काम कर रही है।

## इसरो ने उपग्रह ‘डॉकिंग’ प्रयोग को फिर टाला

**बेंगलूरु/भाषा।** इसरो ने दो उपग्रहों को जोड़ने से संबंधित अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पेडेक्स) को बुधवार को स्थगित कर दिया। एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के दौरान कुछ खामी के कारण यह फैसला किया गया। स्पेडेक्स नामक यह प्रयोग नौ जनवरी को होने वाला था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘उपग्रहों के बीच 225 मीटर की दूरी तक पहुंचने के लिए अभ्यास के कुछ खामी देखी गई। कल के लिए नियोजित डॉकिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। उपग्रह सुरक्षित हैं।’’ यह दूसरी बार है जब इसरो ने स्पेडेक्स प्रयोग को टालने का निर्णय किया है। इससे पहले यह प्रयोग सात जनवरी के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन अब नौ जनवरी के प्रयोग को भी स्थगित कर दिया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि स्पेडेक्स एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसे दो छोटे उपग्रहों का उपयोग करके अंतरिक्ष यान के मिलान, डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी को विकसित करने और प्रदर्शित करने को लेकर तैयार किया गया है।

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब एवं संप्रदाय से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा ‘‘आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती ।’’

यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित ‘महाकुम्भ महासम्मलेन’ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, ‘‘देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा को तय करने का अवसर रहे हैं।’’ उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। उन्होंने कहा कि यही प्रयास आगामी महाकुम्भ में भी होगा।

राष्ट्रीय एकता और हिंदू एकता की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ‘‘सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास गवाह है कि जब हम बंटे हैं, तो कमजोर हुए हैं, और जब एकजुट हुए हैं, तो अजेय बने हैं।

# भारत को एआई के लिए बुनियादी मॉडल बनाना चाहिए : नडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बुधवार को यहां कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना चाहिए और आधारभूत मॉडल तैयार करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि निवेश ही इसमें प्रवेश की वास्तविक बाधा है और मात्र एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है।



माइक्रोसॉफ्ट इंडिया एआई टूर के दूसरे दिन नडेला ने कहा कि भारत भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव लाने में बड़ा काम कर सकता है।

ऐसा कोई कारण नहीं है कि भारत इसकी अगुवाई न कर सके। आप इसे बहुत ही अनोखे ढंग से परिभाषित भी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, मुझे नहीं लगता कि एआई के मोर्चे पर अभी तक आखिरी कोई ज्ञात सफलता सामने आई हो। मैं हमेशा कहता हूं कि हम एक गणितीय सफलता से दूर हैं। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षाविदों, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च जैसी अनुसंधान इकाइयों की गणित टीम और एल्गोरिदम टीम बहुत शानदार हैं। नडेला ने कहा, आइए, स्पष्ट रूप से, जिसे ‘फ्रंटियर’ माना जाता है, उससे बंधे न रहें।

# इस देश का हर नागरिक एक सैनिक के समान : वायुसेना प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का हर नागरिक एक सैनिक के समान है और वर्दी में देश की सेवा करने का एक अलग ही मजा है लेकिन कोई भी व्यक्ति बिना सैन्य वर्दी के भी देश की सेवा कर सकता है।



दिल्ली छावनी में आयोजित गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने एनसीसी के चरित्र को रेखांकित किया और कहा कि यह वह स्थान है जहां विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग ‘एक हो जाते हैं’ और भारत के सार को आत्मसात करते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी और गणतंत्र दिवस शिविर में प्रशिक्षित भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है क्योंकि वे भारत का भविष्य हैं, जो आगे चलकर विभिन्न जिम्मेदारियों को अपनाएंगे। वायुसेना प्रमुख ने कहा, मैंने सुना है कि कई कैडेटों ने सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायुसेना) में शामिल होने की इच्छा जताई है। यह बहुत बढ़िया है कि आप ऐसा करना चाहते हैं क्योंकि वर्दी में राष्ट्र की सेवा करने का एक अलग ही मजा है। लेकिन राष्ट्र की सेवा करने के लिए किसी को वर्दी पहनना जरूरी नहीं है।

## ट्रंप की हमास को चेतावनी

# ‘अगर गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया तो कहर टूटेगा’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को अगर उनके शपथ ग्रहण तक रिहा नहीं किया गया तो पश्चिम एशिया पर कहर टूटेगा।

ट्रंप ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया तो वह क्या कार्रवाई करेंगे।

हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला करके बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बना लिया था। अधिकारियों का कहना है कि अब भी लगभग 100 लोग हमास के कब्जे हैं जिनमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी हैं।

अधिकारियों का यह भी मानना है कि बंधक बनाए गए लोगों में से कई की अब तक मौत हो गई होगी।

ट्रंप ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में संवाददाताओं से कहा, ‘‘ अगर बंधक वापस नहीं आए तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर वे मेरे पदभार ग्रहण करने तक वापस नहीं आए तो पश्चिम एशिया में सब कुछ बिगड़ जाएगा।’’

वह अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ वार्ता की स्थिति पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

ट्रंप ने हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ‘‘ यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। मुझे और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है लेकिन ऐसा ही है। उन्हें बहुत पहले ही बंधकों को रिहा कर देना चाहिए था। सात अक्टूबर जैसा हमला कभी नहीं होना चाहिए था..।’’

# मोदी के नेतृत्व में उठाए गए कदम प्रगति को बढ़ावा देने में मददगार : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/एजेन्सी।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढ़ाओ अभियान, आवास योजना, अन्न योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

डा. जयशंकर बुधवार को यहां शुरु हुए तीन दिवसीय 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा,उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार के जरिए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। यह समय है जब युवा अपने अनुभव साझा करें, दूसरों को प्रेरित करें और एक नई सोच के साथ समाज के लिए नए मॉडल प्रस्तुत करें।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने उद्घाटन भाषण दिया।

विदेश मंत्री ने कहा कि नए भारत के निर्माण की दिशा में कदम ,भारत, एक ऐसा देश जो अपनी सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिकता के अद्भुत संगम के लिए जाना जाता है। आज का युवा वर्ग न केवल भारत के भविष्य का निर्माण कर रहा है बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी

## बैठक



भारत और तालिबान शासन के बीच अब तक की सर्वाधिक उच्च स्तरीय आधिकारिक बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को दुबई में अफगान तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ बैठक की।

# सितंबर तिमाही में सूक्ष्म ऋण बकाया 4.3 प्रतिशत घटा, फंसा कर्ज बढ़ाः रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** बिगड़ती परिसंपत्ति गुणवत्ता के बीच ऋणदाताओं के सतर्क रुख अपनाने से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सूक्ष्म ऋण बकाया 4.3 प्रतिशत घटकर 4.14 लाख करोड़ रुपए रह गया। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रेडिट सूचना कंपनी 'क्रिफ हाई मार्क' की तरफ से जारी रिपोर्ट कहती है कि एक से 30 दिन तक बकाया रहा कर्ज जून तिमाही के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर तिमाही में 2.1 प्रतिशत हो गया। वहीं 31-180 दिनो तक का बकाया कर्ज जून तिमाही के 2.7 प्रतिशत के मुकाबले 4.3 प्रतिशत हो गया। सूक्ष्म कर्ज उद्योग इन दिनों तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है जिसके लिए नियामक ने खराब तौर-तरीकों को दोषी ठहराया है। इनमें विभिन्न संस्थाओं द्वारा एक ही उधारकर्ता को कई बार ऋण देना और लाभ बढ़ाने के उद्देश्य से अत्यधिक ब्याज दरें वसूलना शामिल है। पिछले कुछ महीनों में संग्रह दक्षता में गिरावट भी देखी गई है। इस बीच, सूक्ष्म ऋण उद्योग ने सुधारात्मक कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे कुल बकाया राशि में गिरावट आई है। क्रेडिट सूचना कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर तिमाही में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का ऋण पोर्टफोलियो तिमाही आधार पर 0.7 प्रतिशत बढ़ा है जबकि बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों सहित अन्य सभी खंडों में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट कहती है कि खासतौर पर शीर्ष 10 राज्यों में तमाम तरह के कर्जों और कर्जदाताओं के बीच चूक बढ़ी है। वृद्धिशील फंसे कर्जों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा बिहार, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में है।

# चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि सरकारी अनुमान से कम 6.3% रहेगी : एसबीआई रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के अग्रणी बैंक एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो 6.4 प्रतिशत के सरकारी अनुमान से थोड़ा कम है।

एक दिन पहले ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है। विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन और कमजोर निवेश के कारण वृद्धि दर धीमी होने की बात कही गई। इसके पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' के मुताबिक, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 प्रतिशत की सीमा में रहता आया है। लिहाजा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत का अनुमान अपेक्षित और उचित है।

रिपोर्ट कहती है, ''हालांकि, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ लगभग 6.3 प्रतिशत रह सकती है।''

एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा लिखित यह रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि में सुस्ती और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के आकार में बढ़ोतरी लगभग स्थिर रहने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर प्रति व्यक्ति जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद का पहला अग्रिम अनुमान सामान्य रूप से 2024-25 में समग्र मांग में सुस्ती को दर्शाता है। हालांकि, सकारात्मक योगदान देने वाले घटकों में सरकारी खपत शामिल है, जिसमें मौजूदा कीमतों के संदर्भ में 8.5 प्रतिशत (वास्तविक कीमतों के संदर्भ में 4.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। निर्यात ने भी आठ प्रतिशत (वास्तविक कीमतों के संदर्भ में 5.9 प्रतिशत) की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। एसबीआई के अध्ययन में कहा गया है कि मांग का चिंताजनक पहलू सकल पूंजी निर्माण में सुस्ती है, जिसमें पूंजी निर्माण में वृद्धि 2.70 प्रतिशत घटकर 7.2 प्रतिशत रह गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ''कुल मिलाकर स्थिति यह है कि मांग कमजोर बनी हुई है और वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत का आंकड़ा एक बाहरी सीमा है। वास्तविक वृद्धि निश्चित रूप से अनुमानित आंकड़े से कम है।''

रिपोर्ट कहती है कि नवंबर, 2024 के अंत में राजकोषीय घाटा 8.5 लाख करोड़ रुपए यानी बजट अनुमान का 52.5 प्रतिशत था। हालांकि, संशोधित जीडीपी आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, यदि बजट अनुमान के अनुरूप कर प्राप्तियां बढ़ीं, कम पूंजीगत व्यय के कारण सरकारी व्यय कम हुआ, तो चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहेगा। हालांकि, यदि सरकार 16.1 लाख करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहती है तो संशोधित जीडीपी आंकड़ों के लिहाज से राजकोषीय घाटा पांच प्रतिशत पर रहेगा।



# कृषि श्रमिकों, चालकों की बढ़ेगी मांग, कैशियर, टिकट क्लर्क की नौकरियां होंगी कमः अध्ययन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अगले पांच साल में कृषि श्रमिकों और वाहन चलाने वालों यानी ड्राइवरों की मांग तेजी से बढ़ेगी और ये क्षेत्र तेजी से बढ़ती नौकरियों में शामिल होंगे। वहीं कैशियर और टिकट क्लर्क की भूमिकाओं में कमी आएगी। बुधवार को जारी एक नये अध्ययन की रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने 'भविष्य की नौकरी रिपोर्ट-2025' में यह भी कहा कि 2030 तक 17 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी, जबकि 9.2 करोड़ को नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं। यानी शुद्ध रूप से 7.8 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 से 25 जनवरी को होने वाली विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक से कुछ दिन पहले जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नई-नई प्रौद्योगिकी आने के साथ 2030 तक नौकरियों में व्यापक स्तर पर बदलाव आने की संभावना है।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रगति के अलावा जनसंख्या संबंधी बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव इसके कारण हैं। इससे दुनियाभर में उद्योग और पेशा नया आकार ले रहा है। अध्ययन में 1,000 से अधिक कंपनियों के आंकड़ों के आधार पर पाया गया कि कौशल अंतर आज भी व्यवसाय में बदलाव को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बाधा बनी हुई है। नौकरी के लिए आवश्यक लगभग 40 प्रतिशत कौशल में बदलाव होना तय है।

# केजरीवाल का दावा, भाजपा के 'पंडित प्रकोष्ठ' के कुछ सदस्य आप की 'सनातन सेवा समिति' में शामिल हुए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'पंडित प्रकोष्ठ' के कुछ सदस्य उनकी पार्टी की 'सनातन सेवा समिति' में शामिल हुए हैं। दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी।

केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि आप में शामिल होने के लिए भाजपा के पंडित प्रकोष्ठ को छोड़ने वालों में विजय शर्मा, जितेंद्र शर्मा, बृजेश शर्मा, मनीष गुप्ता, दुष्यंत शर्मा और उदयकांत झा शामिल हैं। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारश्रे सहित पार्टी के कई नेता शामिल थे।

सोमवार को आप प्रमुख ने घोषणा की थी कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में एक बार फिर सत्ता में आती है तो वह 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' शुरू करेगी। उन्होंने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को 18,000 रुपए मासिक भत्ता देने का वादा किया। नए सदस्यों का स्वागत करने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मुझे खुशी है कि हमने शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति शुरू की और अब हम अपने पुरोहितों के लिए भी यह क्रांति शुरू कर रहे हैं।'' उन्होंने आगे दावा किया कि आम आदमी पार्टी भाजपा के विपरीत अपने सभी वादे पूरे करती है। उन्होंने कहा, ''हम इन पुजारियों के मार्गदर्शन में अपने पुजारियों को वादे के अनुसार 18,000 रुपए प्रदान करेंगे।'' आगामी चुनाव आप के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है क्योंकि वह दिल्ली में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

# देश को कमजोर करने के लिए युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिये निशाना बनाया जा रहा : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक ''अदृश्य दुश्मन'' बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। फडणवीस 'नशा मुक्त नवी मुंबई' अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। यह मुंबई के उपनगर को नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत नवी मुंबई पुलिस ने की है। लोगों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा, ''यह नवी मुंबई



पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। लेकिन यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं है। यह महाराष्ट्र और भारत के लिए एक लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।'' कनाडा जैसे देश मादक पदार्थ के खिलाफ अपनी लड़ाई हार गए हैं और उन्होंने कानून बनाने का सहारा लिया है लेकिन भारत इस युद्ध को जीतने की स्थिति में है।

# बजट में कर सरलीकरण, व्यक्तिगत आयकर में कटौती पर रहे ध्यानः ईवाई



**नई दिल्ली/भाषा।** कर परामर्शदाता ईवाई इंडिया ने कहा है कि आगामी बजट में निजी पूंजीगत व्यय के प्रोत्साहन, कर सरलीकरण और मांग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में कटौती पर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। ईवाई इंडिया ने बजट से जुड़ी उम्मीदों पर जारी एक वक्तव्य में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 तक आयकर विवादों में 31 लाख करोड़ रुपए से अधिक अटके हुए हैं। इसे देखते हुए आयकर आयुक्त (अपील) के पास लंबित मामलों को निपटाने और अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते एवं सुरक्षित ठिकानों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने की तत्काल जरूरत है।

ईवाई इंडिया के राष्ट्रीय कर प्रमुख समीर गुप्ता ने कहा, ''हालांकि, प्रत्यक्ष कर संहिता की व्यापक समीक्षा करने में समय लग सकता है लेकिन हम इस बजट में इसके कार्यान्वयन की दिशा में कुछ शुरुआती कदम देख सकते हैं। मुझे मांग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में कमी की भी उम्मीद है, खासतौर पर निम्न आय वर्ग के लिए।'' कर परामर्श एवं लेखांकन से जुड़ी फर्म ने कहा कि बजट से उसकी उम्मीदें रणनीतिक सुधारों पर केंद्रित हैं, जो अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा सकते हैं। राजकोषीय मजबूती, कर प्रणाली सरलीकरण और निवेश-संचालित वृद्धि पर जोर देने के साथ बजट से टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए एक ठोस आधार तैयार होने की उम्मीद है। ईवाई को कर प्रणाली सरल बनाने और करदाता सेवाओं में सुधार, मुकदमेबाजी को कम करने और कर अनुपालन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों की उम्मीद है।

# क्या मानसिक रूप से कमजोर महिला को मां बनने का अधिकार नहीं : उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को सवाल किया कि क्या मानसिक रूप से कमजोर महिला को मां बनने का कोई अधिकार नहीं है।

न्यायमूर्ति आर वी घुगे और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ 27 वर्षीय महिला के पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इस आधार पर 21 सप्ताह के उसके भ्रूण को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति मांगी गई है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ और अविवाहित है।

व्यक्ति ने अपनी याचिका में कहा कि उसकी बेटी गर्भ को कायम रखना चाहती है। पीठ ने पिछले सप्ताह निर्देश दिया था कि महिला की जांच मुंबई के सरकारी जे जे अस्पताल में एक मेडिकल बोर्ड द्वारा की जाए।

बुधवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ या बीमार नहीं है, बल्कि उसे 75 प्रतिशत आईक्यू के साथ सीमांत बौद्धिक विकार का सामना करना पड़ा है।

पीठ ने कहा कि महिला के अभिभावक ने उसे किसी भी प्रकार का मनोवैज्ञानिक परामर्श या उपचार मुहैया नहीं कराया, बल्कि 2011 से उसे केवल दवा पर रखा। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भ्रूण में कोई विसंगति नहीं है और महिला गर्भावस्था जारी रखने के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट है।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भ्रूण को गिराया जा सकता है।

# खातों में सेंध लगाकर खरीदे महंगे फोन और डिजिटल सोना, बैंक के तीन प्रबंधक समेत छह गिरफ्तार

**इंदौर (मप्र)/भाषा।** इंदौर में आईसीआईसीआई बैंक की एक शाखा में चालू खातों में सेंध लगाकर महंगे मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण और डिजिटल सोना खरीदे जाने का खुलासा करते हुए पुलिस ने इस शाखा के तीन प्रबंधकों समेत छह लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमल कुमावत, अभिषेक मालवीय, स्टेनली जैकब, लवदीप सिंह, कृष्णा ठाकुर और अरूनू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कुमावत, मालवीय और जैकब आईसीआईसीआई बैंक की इस शाखा में 'रिलेशनशिप' प्रबंधक के रूप में पदस्थ हैं, जबकि तीन अन्य उनके साथी हैं। इन प्रबंधकों ने अपनी कंपनी में इस्तेमाल होने वाले एक सॉफ्टवेयर का दुरुपयोग करते हुए मध्यप्रदेश के साथ ही पंजाब, गुजरात और तेलंगाना के कम से कम 12 ग्राहकों के चालू खातों में सेंध लगाई। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने इस सॉफ्टवेयर के जरिये उन चालू खातों को ढूंढा जिनमें अधिक धनराशि जमा थी।

# महिंद्रा की नजर वाहन कारोबार को नए मॉडलों के साथ वैश्विक स्तर पर बढ़ाने पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** घरेलू बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के तरीकों पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुंबई स्थित प्रमुख वाहन कंपनी अपने वाहन कारोबार को चरणबद्ध तरीके से वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी की योजना पहले चरण में विभिन्न विदेशी बाजारों में अपने मौजूदा वितरण माध्यमों का लाभ उठाने की है। पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) के वाहन और कृषि क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश जेजुरिकर ने कहा कि विकासाधीन लाइफस्टाइल पिकअप ट्रक और इलेक्ट्रिक मॉडलों की नई शृंखला जैसे नए उत्पाद कंपनी को नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि वाहन विनिर्माता की पहले से ही दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मोरक्को और चिली जैसे देशों में स्थापित वितरण नेटवर्क के साथ मजबूत उपस्थिति है। जेजुरिकर ने कहा, इनमें से बहुत से भौगोलिक क्षेत्र हमारे लिए ऐसे बाजार थे जहां हमने स्कॉर्पियो पिक-अप बेची थी। अब ये बाजार हमें एक्सयूवी700, स्कॉर्पियो एन और एक्सयूवी 3एक्सज जैसे मॉडल पेश करने में सक्षम बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहला चरण है, जिसमें मौजूदा बाजारों में उन उत्पादों को शामिल किया जाएगा जो वाहन विनिर्माता ने पिछले तीन या चार साल में पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे भाग की शुरुआत वैश्विक लाइफस्टाइल पिक-अप के साथ होगी, जो दाएं और बाएं दोनों तरफ से वाहन चलाने वाले बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी। जेजुरिकर ने कहा, इससे नए बाजार खुलेंगे।

# आवासीय विद्यालय की छात्रा ने बच्ची को जन्म दिया, स्कूल अधीक्षक निलंबित

**कोरबा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले स्थित सरकारी आवासीय विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा द्वारा बच्ची को जन्म देने का मामला सामने आने के बाद स्कूल की अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छात्रा ने गर्भावस्था के सातवें या आठवें महीने में बच्ची को जन्म दिया और नवजात की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि पोड़ी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को यह मामला उस दौरान सामने आया था जब छात्रावास की अधीक्षक जय कुमारी रात्रे को सूचना मिली कि 17 वर्षीय एक छात्रा बीमार है। इस छात्रावास सह विद्यालय का संचालन आदिवासी विकास विभाग द्वारा किया जाता है। छात्रावास की अन्य छात्राओं ने अधीक्षक को बताया कि छात्रा सोमवार देर रात से ही उल्टी कर रही थी। अधीक्षक के अनुसार, नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनाई देने के बाद तलाश किये जाने पर परिसर में वह पाई गई।

# प्रियंका का तंजः बिधूड़ी ने अपने गाल के बारे में कुछ नहीं कहा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा उनके बारे में की गई टिप्पणी को ''हास्यास्पद'' करार दिया और कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान ऐसे अप्रासंगिक विषयों के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

वायनाड से लोकसभा सदस्य ने एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक से बाहर निकलते समय संवाददाताओं से बातचीत में कटाक्ष किया, ''उन्होंने (बिधूड़ी) अपने गाल के बारे में कुछ नहीं कहा।''

उन्होंने कहा, यह एक ''हास्यास्पद टिप्पणी'' है और ''यह सब अप्रासंगिक है।''

प्रियंका गांधी ने कहा, ''दिल्ली में चुनाव हो रहे हैं। महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।''

कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बिधूड़ी ने पिछले दिनों कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस नेता 'प्रियंका गांधी के गालों' जैसी सड़कें बनवाएंगे।

विवाद खड़ा होने के बाद बिधूड़ी ने टिप्पणी को लेकर खेद व्यक्त किया था।

# एकीकृत उपग्रह संचार ग्रिड तैयार करने की योजना बना रहा भारत : अधिकारी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के रक्षा बल विभिन्न कक्षाओं में अंतरिक्ष यान और डेटा रिले प्रणालियों से युक्त एक एकीकृत उपग्रह संचार ग्रिड बनाने की योजना बना रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि अंतरिक्ष युद्ध के एक नए क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। 'डिफसेट' सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के महानिदेशक एयर वाइस मार्शल पवन कुमार ने कहा कि रक्षा बल इस क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाने के लिए आवश्यकताओं को पूरा करने के सिलसिले में अंतरिक्ष उद्योग के साथ सहयोग करने पर भी विचार कर रहे हैं। सेटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन-इंडिया द्वारा आयोजित डिफसेट सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में कुमार ने कहा, जब आप संचार की बात करते हैं, तो मुझे लगता है कि जिस तकनीक पर हम ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, वह एकीकृत उपग्रह संचार ग्रिड है।

# सोना फिर 80,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा, चांदी में 500 रुपए की तेजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 80,000 रुपए के स्तर पर पहुंच गईं।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 300 रुपए बढ़कर करीब एक महीने के उच्चस्तर 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह मंगलवार के पिछले सत्र में 79,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को सोना 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 500 रुपए की तेजी के साथ करीब एक महीने के उच्चतम स्तर 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

कारोबारियों ने इस तेजी का श्रेय स्थानीय बाजारों में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में आई तेजी को दिया। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 0.09 प्रतिशत गिरकर 2,663.10 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने में तेजी आई क्योंकि चीन की मजबूत मांग से कारोबारी धारणा को बल मिला। मंगलवार को प्रकाशित आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर दुनिया में सोने के प्रमुख उपभोक्ता चीन ने दिसंबर में लगातार दूसरे महीने अपने भंडार में वृद्धि की।''

# छोटे किसानों की आय बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा के लिए हाइब्रिड तकनीक महत्वपूर्ण : मिश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने बुधवार को कहा कि हाइब्रिड फसल तकनीक, कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों खासकर छोटे किसानों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी वर्ष 1977 के 42 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 18 प्रतिशत रहने के बावजूद, यह क्षेत्र समावेशी वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण देश का 46 प्रतिशत कार्यबल अब भी इस पर निर्भर हैं, जबकि वर्ष 1977 में यह 70 प्रतिशत था। ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (टीएएएस) द्वारा यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा, ''विकसित देश बनने के लिए, हमें न केवल आर्थिक वृद्धि की उच्च दर की आवश्यकता है, बल्कि वृद्धि समावेशी और टिकाऊ भी होनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''वृद्धि को समावेशी और न्यायसंगत बनाने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।'' भारत के कृषि विकास में



उल्लेखनीय तेजी आई है। यह वित्त वर्ष 2016-17 से 2022-23 के दौरान पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर पर पहुंच गई है। इसमें पशुधन (5.8 प्रतिशत) और मत्स्य पालन (नौ प्रतिशत) का महत्वपूर्ण योगदान है।

हालांकि, संरचनात्मक चुनौतियां बनी हुई हैं। वित्त वर्ष 2015-16 में छोटे किसानों की संख्या बढ़कर 14.6 करोड़ हो गई है, जिसमें औसत जोत का आकार 1970-71 के 2.8 हेक्टेयर से घटकर 1.08 हेक्टेयर रह गया है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक कृषि का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा घटकर सात प्रतिशत रह जाएगा, जबकि अब भी इसमें 27 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार मिला हुआ है। अधिकारी ने कहा, ''इन संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करने में हाइब्रिड तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।'' इसमें छोटे किसानों के लिए उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने की क्षमता है। मिश्रा ने एक बहुआयामी दृष्टिकोण का सुझाव दिया, जिसमें लाभदायक फसलों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाना, बागवानी, पशुधन और मत्स्य पालन में विविधीकरण, छोटे किसानों के लिए तकनीक को अपनाना, खाद्यान्न उत्पादन में सतत वृद्धि और गैर-कृषि गतिविधियों का विकास शामिल है।

# यौन उत्पीड़न मामले में हमारा एकमात्र उद्देश्य पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाना है : स्टालिन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि छात्रा यौन उत्पीड़न मामले में सरकार का एकमात्र उद्देश्य पीड़िता को कानून के अनुरूप न्याय दिलाना है। मुख्य विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सहित कई दलों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दे का उल्लेख करते हुए स्टालिन ने कहा कि चेन्नई की छात्रा के यौन उत्पीड़न की घटना क्रूरता है और यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि कई विधायकों ने उचित चिंता के साथ राय रखी, जबकि एक सदस्य ने सरकार के खिलाफ गलत धारणा बनाने के लिए अपनी बात सही तरीके से नहीं रखी।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उनकी मंशा चाहे जो भी हो लेकिन जहां तक सरकार का संबंध है, उसका एकमात्र उद्देश्य पीड़िता को कानून के अनुसार न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार इसे लेकर दृढ़ है और स्पष्ट है।

स्टालिन ने कहा कि आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया और सबूत जुटा लिए गए फिर भी सरकार का दोष निकालना उचित चिंता नहीं, बल्कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।



## केरल में धार्मिक समारोह के दौरान हाथी ने मचाया उत्पात, 23 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम।** बुधवार को तिरूर के निकट मस्जिद में धार्मिक समारोह के दौरान एक हाथी के उत्पात मचाने से 23 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसे हाथी ने उठाकर फेंक दिया। तिरूर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे हाथी के हमले के बाद घबराए लोगों के कारण मची भगदड़ में शेष 22 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। सामने आए घटना के दृश्यों के अनुसार, समारोह के लिए पंक्तिबद्ध पांच हाथियों में से एक हिंसक हो गया और उसने सामने एकत्रित लोगों की भीड़ पर हमला कर दिया। हाथी ने एक आदमी को अपनी सूंड से उठाया, उसे घुमाया और फिर दूर फेंक दिया। कुछ प्रयासों के बाद हाथी को उसके महावतों ने शांत कर दिया। पुलिस ने पुष्टि की कि मस्जिद को समारोह के लिए हाथियों के उपयोग की आवश्यक अनुमति मिली थी।

# अर्दली की 'औपनिवेशिक' प्रथा को रोकने के लिए सक्रियता से कार्रवाई: तमिलनाडु सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि राज्य भर में अर्दली की 'औपनिवेशिक' प्रथा को रोकने के लिए सक्रियता से कार्रवाई शुरू की गई है। सुजाता द्वारा दायर याचिका के न्यायमूर्ति एस. एम. सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति एम. ज्योतिरमन के समक्ष सुनवाई के लिए आने पर अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) आर. मुनियप्पाराज ने उपरोक्त दलील दी।

अपनी याचिका में सुजाता ने प्राधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि वे उनके अभ्यावेदन पर विचार करें और फैसला करें। इसमें कई शिकायतें शामिल थीं, जिनमें जेल प्राधिकारियों द्वारा गृह कार्यों के लिए वर्दीधारी कर्मियों को सेवा पर रखने के खिलाफ एक शिकायत भी शामिल थी।

पीठ ने आठ नवंबर, 2024 को गृह सचिव को निर्देश दिया था कि वह राज्य पुलिस की अपराध शाखा, अपराध अन्वेषण विभाग (सीबीसीआईडी) की सहायता से या खुफिया शाखा से आवश्यक जानकारी प्राप्त करके विस्तृत जांच करें और उन जेल अधिकारियों के खिलाफ सभी उचित कार्रवाई शुरू करें जिन्होंने तमिलनाडु की सभी जेलों में वर्दीधारी कर्मियों/लोक सेवकों को अपने घरेलू या निजी काम के लिए नियुक्त किया है। हाल में पारित अपने आदेश में, पीठ ने कहा कि गृह विभाग के उप सचिव ने पुलिस विभाग और जेल विभाग दोनों में इस अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने के लिए की गई कार्रवाई के संदर्भ में एक स्थिति रिपोर्ट दायर की है, जिसमें उच्च अधिकारियों के गृह कार्य के लिए वर्दीधारी सेवा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सरकारी वकील ने कहा है कि तमिलनाडु में अर्दली व्यवस्था की औपनिवेशिक प्रथा को समाप्त करने के लिए सभी सक्रिय कार्रवाई शुरू की गई है। एपीपी ने कहा कि सरकार ने इसे समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं और अधिकारी इस व्यवस्था को समाप्त करने की प्रक्रिया में हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में औपनिवेशिक प्रथा या ऐसी मानसिकता को भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, यह व्यवस्था असंवैधानिक है।

## तमिलनाडु के नेताओं ने रॉकेट वैज्ञानिक वी नारायणन को इसरो प्रमुख नियुक्त किए जाने पर बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी और अन्य नेताओं ने रॉकेट वैज्ञानिक वी नारायणन को अंतरिक्ष विभाग का सचिव और इसरो का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बुधवार को बधाई दी और इस बात पर खुशी जताई कि वह दक्षिणी राज्य से ताल्लुक रखते हैं। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि राज्य से ताल्लुक रखने वाले नारायणन को शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्होंने वैज्ञानिक को हार्दिक बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के मूल निवासी नारायणन ने सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त की और इसरो से उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की तथा नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचने में उनके उत्साह और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, इसरो निश्चित रूप से नारायणन के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छुएगा, जिन्होंने देश को वैश्विक स्तर पर ख्याति दिलाने वाले मिशनों – चंद्रयान 2, चंद्रयान 3, आदित्य एल 1, गगनयान में योगदान दिया है और कई अंतरिक्ष कार्यक्रमों में योगदान देना जारी रखा है। नारायणन की यात्रा तमिलनाडु के छात्रों को प्रेरित करेगी। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने नारायणन को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्र के अंतरिक्ष अनुसंधान में सर्वोच्च पद पर वी नारायणन की नियुक्ति वास्तव में हमारे राज्य के लिए बहुत गर्व की बात है। आपके नेतृत्व में इसरो को और भी अधिक सफलता और गौरव प्राप्त हो। पट्टाली मक्कल काचि (पीएमके) के अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास और एएमएमके के नेता टीटीवी दिनाकरन ने भी नारायणन को शुभकामनाएं दीं। नारायणन इसरो में एक प्रख्यात वैज्ञानिक हैं और उन्हें लगभग चार दशकों का अनुभव है। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष संगठन में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

# महिला की शारीरिक संरचना पर टिप्पणी करना यौन उत्पीड़न के समान : केरल उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी महिला की शारीरिक संरचना पर टिप्पणी यौन दृष्टि से प्रेरित टिप्पणी है, जो यौन उत्पीड़न के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगी। न्यायमूर्ति ए. बदरुद्दीन ने इस संबंध में केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के एक पूर्व कर्मचारी की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में आरोपी ने उसी संगठन की एक महिला कर्मचारी द्वारा उसके खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न के मामले को रद्द करने का अनुरोध किया था।

महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी 2013 से उसके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था और फिर 2016-17 में उसने आपत्तिजनक संदेश और वॉयस कॉल भेजना शुरू कर दिया। उसने दावा किया था कि केएसईबी और पुलिस में शिकायत के बावजूद वह उसे आपत्तिजनक संदेश भेजता रहा।

उसकी शिकायतों के बाद, आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) और 509 (महिला की गरिमा को अपमानित करने) और केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) (अवांछित कॉल, पत्र, लिखित, संदेश भेजने के लिए संचार के किसी भी माध्यम का इस्तेमाल कर परेशान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए अभियुक्त ने दावा किया कि किसी को उसकी सुंदर शारीरिक काया के लिए टिप्पणी करना, आईपीसी की धारा 354 ए और 509 तथा केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) के तहत यौन रंजित टिप्पणी की श्रेणी में नहीं माना जा सकता।

वहीं, अभियोजन पक्ष और महिला ने दलील दी कि आरोपी के फोन कॉल और संदेशों में अभद्र टिप्पणियां थीं, जिनका उद्देश्य पीड़ित को परेशान करना और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना था।

अभियोजन पक्ष की दलीलों से सहमति जताते हुए केरल उच्च न्यायालय ने छह जनवरी के अपने आदेश में कहा कि प्रथमदृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए और 509 तथा केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) के तहत अपराध के लिए उपयुक्त तत्व दिखाई देते हैं।

### केरल में अभिनेत्री से यौन उत्पीड़न का मामला

## जौहरी बॉबी चेम्मनूर को एसआईटी ने हिरासत में लिया



**कोच्चि।** मलयालम अभिनेत्री हनी रोज द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के एक मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को मामले के आरोपी प्रमुख व्यवसायी बॉबी चेम्मनूर को हिरासत में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोच्चि नगर पुलिस के एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि चेम्मनूर को वायनाड से हिरासत में लिया गया। पेशे से जौहरी चेम्मनूर के खिलाफ अभिनेत्री द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए कोच्चि सेंट्रल थाने के सर्किल इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। अभिनेत्री की शिकायत के बाद चेम्मनूर पर गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अपनी शिकायत में रोज ने चेम्मनूर पर उनके खिलाफ बार-बार अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। पुलिस की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए रोज ने कहा कि यह उनके लिए राहत का अहसास कराने वाला दिन है। एक समाचार चैनल से बात करते हुए रोज ने कहा कि उन्होंने इस मामले को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के समक्ष उठाया था, जिन्होंने उन्हें दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पेरिया दोहरा हत्याकांड : केरल उच्च न्यायालय ने चार दोषियों की सजा पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने पांच साल पहले कासरगोड जिले के पेरिया शहर में दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के जुर्म में पांच साल की सजा पाए माकपा के एक पूर्व विधायक सहित चार आरोपियों की सजा पर बुधवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति पी बी सुरेश कुमार और न्यायमूर्ति जे. सेबेस्टियन की पीठ ने पूर्व विधायक और माकपा के जिला नेता के वी कुन्हीरामन, कन्हानगढ़ ब्लॉक पंचायत अध्यक्ष के मणिकंडन, राघवन वेलुथोली और ए वी भास्करन की याचिका पर विचार करते हुए उनकी सजा पर रोक लगा दी। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत ने पिछले सप्ताह इस मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी वहीं कुन्हीरामन, मणिकंडन, वेलुथोली और भास्करन को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुनाई थी। जिन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है उनमें पेरिया में माकपा स्थानीय समिति के सदस्य ए पीताम्बरन, साजी सी जॉर्ज उर्फ साजी, सुरेश के एम, अनिल कुमार के उर्फ अबू, गिजिन, श्रीराग आर उर्फ कुट्टू, अश्विन ए उर्फ अप्पू, सुबीश उर्फ मणि, रंजीत टी उर्फ अप्पू और ए श्रुएंदन उर्फ विष्णु सुरा शामिल हैं। यह मामला 17 फरवरी 2019 को कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृपेश (19) और सरथ लाल पी के (24) की हत्या से जुड़ा है। सीबीआई ने कहा था कि उसकी जांच से पता चला है कि आरोपी पीताम्बरन ए ने अन्य लोगों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची थी और कृपेश तथा सरथलाल के प्रति राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता तथा दुश्मनी के कारण उनकी हत्या करने का फैसला किया था।

## केरल: जल्द उपयोग में लाई जाएंगी भारत की पहली पर्यावरण अनुकूल पानी की बोतलें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक स्टार्टअप जल्द ही पर्यावरण के अनुकूल पानी की 'ऑर्गेनिक' बोतलों का उपयोग शुरू करेगा। केरल सिंचाई अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के तत्वावधान में स्टार्ट अप द्वारा बनाई जाने वाली इन बोतलों को 'कम्पोस्टेबल बोतलें' भी कहा जाता है।

'कम्पोस्टेबल' से तात्पर्य मिट्टी में जल्द से जल्द घुल जाने से है। इसे देश में अपनी तरह की पहली 'पहल' कहा जा रहा है। 'हिली एक्वा' ब्रांड के तहत विपणन किए जाने वाले नये उत्पाद का उद्देश्य प्लास्टिक की बोतलों की जगह लेना है। बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन जनवरी के मध्य में इन बोतलों को बाजार में उतारने की शुरुआत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि एक बार शुरू हो जाने पर, यह पहल केरल को पानी की 'ऑर्गेनिक' बोतलों की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य बना देगी। बोतलों के निर्माण के लिए उपयोग किया जाने वाला सभी तरह का कच्चा माल प्राकृतिक तरीके से घुलने वाला है और स्टार्ट अप ने घरेलू और वैश्विक दोनों एजेंसियों से आवश्यक प्रमाणपत्र प्राप्त किये हैं।

### प्रदर्शन



अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) के समर्थन में मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में अन्य मांगों के साथ-साथ राज्य और केंद्र सरकारों से आशा कार्यकर्ताओं के लिए 15,000 रुपये प्रति माह का मानदेय तय करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में ट्यूशन शिक्षक गिरफ्तार

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मांड्या में एक ट्यूशन शिक्षक को दो महीने पहले अपनी नाबालिग छात्रा को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मांड्या में अभिषेक गौड़ा के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण संभाग) लोकेश बी जे ने बताया कि 23 नवंबर को नाबालिग लड़की का अपहरण किया गया था और इस बाबत जेपी नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया, लड़की को पांच जनवरी को मांड्या जिले के मालवल्ली तालुक से बरामद किया गया। उसे उसके ट्यूशन शिक्षक ने अगवा कर लिया था। वह लड़की को पढ़ाने के लिए रोज जाता था।

# कर्नाटक में माओवादियों का एक समूह आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होगा : जी परमेश्वर




**बेंगलूरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान किए जाने के बाद माओवादियों का एक समूह सरकार के सामने आत्मसमर्पण करेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उनमें से छह आज बेंगलुरु में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और परमेश्वर के समक्ष आत्मसमर्पण कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि जिन माओवादियों के आत्मसमर्पण करने की उम्मीद है उनमें : कर्नाटक की मुंदागारू लता, सुंदरी कुथलूर, वनजाक्षी बालेहोल और मारेप्पा अरोली के अलावा तमिलनाडु के के वसंत, और केरल की जीशा शामिल हैं।

परमेश्वर ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि वे आत्मसमर्पण कर रहे हैं, मैं अन्य विवरण साझा नहीं कर सकता, जैसे कि उनकी मांगें और हमने क्या वादा किया है। मैं उन्हें बाद में साझा करूंगा।

नक्सलियों के खिलाफ हत्या सहित कई मामले दर्ज होने के बावजूद सरकार द्वारा नक्सलियों के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया को सुगम बनाने का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा विरोध किए जाने के संबंध में पूछे गए सवाल को लेकर परमेश्वर ने कहा कि माओवादी नेता विक्रम गौड़ा की मुठभेड़ के बाद सरकार ने उनसे आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था और उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, हां, उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं। हम देखेंगे कि उनके आत्मसमर्पण के बाद मामले की आगे की कार्यवाही कैसे होगी और कानून में क्या प्रावधान है? मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को संकेत दिया था कि आने वाले दिनों में नक्सली गतिविधियों में शामिल कुछ लोग राज्य प्राधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

# बीबीएमपी में ईडी की छापेमारी भाजपा में कलह का नतीजा : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि 'वृहद बेंगलूरु महानगर पालिका' (बीबीएमपी) में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अंदरूनी कलह का नतीजा है। निकाय एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि ईडी ने मंगलवार को बीबीएमपी के मुख्य अभियंता बी. एस. प्रह्लाद और अन्य अभियंताओं के कार्यालयों की तलाशी ली। यह छापेमारी उन क्षेत्रों में बोरवेल और रिवर्स ऑस्मोसिस संयंत्रों के संबंध में की गई जहां कावेरी जल कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

यह छापेमारी भाजपा नेता और बीबीएमपी के पूर्व पार्षद एन. आर. रमेश की एसीबी में की गई शिकायत पर की गई। बाद में एसीबी ने मामले को ईडी को सौंप दिया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, यह भाजपा में आंतरिक लड़ाई का नतीजा है। एक भाजपा नेता ने अपनी ही पार्टी के विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, क्योंकि उन्हें (विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए) टिकट नहीं दिया गया था। शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने करीब डेढ़ साल पहले बीबीएमपी अधिकारियों को संभावित छापों के लिए तैयार रहने और ईडी अधिकारियों द्वारा मांगे जाने वाले सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा, हम उनके साथ सहयोग करेंगे। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मेरे पास विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने कल मुझे इसके बारे में बताया।शिवकुमार ने कहा कि जब सूचना के अधिकार के तहत सभी को दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे, तो ईडी अधिकारियों को भी वही दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गलत काम करने वालों को सजा मिलेगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) समुदाय के विधायकों द्वारा आयोजित रात्रिभोज के रद्द होने के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि आठ जनवरी को बुलाई गई एससी/एसटी समुदायों के कांग्रेस नेताओं, मंत्रियों और सांसदों की रात्रिभोज बैठक को कर्नाटक के प्रभारी एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के निर्देश के बाद स्थगित कर दिया गया है। परमेश्वर ने एक बयान में कहा कि बैठक की अगली तारीख की जानकारी बाद में दी जाएगी। यह बैठक मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या द्वारा मंत्रिमंडल के दलित एवं एसटी समुदाय के चुनिंदा सहयोगियों के साथ रात्रिभोज के एक सप्ताह के भीतर निर्धारित की गई थी।

इस साल मार्च के बाद राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच इस बैठक ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर हलचल पैदा कर दी थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने दिल्ली में एआईसीसी महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की और घटनाक्रम पर चर्चा की।





# पांच दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। युवा मामले एवं खेल विभाग के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव से राष्ट्रीयता के साथ ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का भाव आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का सामना करना और उन्हें परास्त करना ही चैम्पियन की पहचान होती है। कर्नल राठौड़ ने बुधवार को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राजस्थान यूथ बोर्ड द्वारा आयोजित किये जा रहे पांच दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई चुनौती हमेशा होती है लेकिन इसके बावजूद हर व्यक्ति में सफलता प्राप्त करने की क्षमता होती है। बस हमें अपनी क्षमताओं को पहचान कर सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। युवा मामले एवं खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार यह बात दोहराई है कि प्रत्येक व्यक्ति में सफल होने की क्षमता है। वे टीम के जीतने पर खिलाड़ियों को शाबासी देते हैं तो हारने पर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कई ऐसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, जिनसे युवाओं का जीवन परिवर्तित होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की ताकत को पूरी दुनिया मान रही है और दुनिया के ताकतवर देश भारत से हाथ मिलाना चाहते हैं।

युवा मामले एवं खेल मंत्री ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। हमें निरन्तर अनुशासन बरतने और अभ्यास की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हाथ में हुनर और हिम्मत है तो कोई भी हमें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त हिम्मत और मेहनत की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री भी यही बात कहते हैं कि युवा आगे बढ़ेंगे तो देश का भविष्य मजबूत होगा।

राठौड़ ने कहा कि युवा महोत्सव का आयोजन युवाओं को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। आयोजन में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को आपस में मेल-मिलाप बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। इससे उन्हें एक-दूसरे से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। साथ ही, उन्हें महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले सेशंस में विशेषज्ञों से अधिक से अधिक प्रश्न पूछने चाहिए। उन्होंने कहा कि मन और दिमाग की खिड़कियां खुली रहेंगी तो युवा ज्ञानवान बनेंगे।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री कृष्ण कुमार के.के. विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जातिवाद, क्षेत्रवाद और तुष्टिकरण को समाप्त कर चार वर्ग युवा, महिला, किसान एवं श्रमिक की चिन्ता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में राष्ट्रीयता का संचार किया है तथा युवाओं को नई सोच प्रदान की है। खेलो इंडिया के आयोजन से देश की छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी विकसित राजस्थान की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में 5 वर्ष में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है, जिसमें से एक लाख नौकरियां दी जा चुकी हैं। राजस्थान यूथ बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश पहाड़िया ने कहा कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य कला जगत एवं नवाचार करने वाले युवाओं की तलाश कर और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करवाकर स्वावलम्बी बनाना है। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा तथा लुप्तप्राय हो चुकी कलाओं का प्रदर्शन होगा।

इससे पूर्व अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजन में शामिल हो रहे प्रतिभागियों के दलों की संभागवार मार्च पास्ट हुई। वहीं, मांगणियार लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ ही कच्छी घोड़ी नृत्य एवं भवई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोहा। खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इससे पूर्व आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# राजस्थान के कई इलाकों में कड़ाके की सर्दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अनेक इलाकों में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बीते चौबीस घंटे में सीकर के फतेहपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा वहीं कहीं-कहीं पर शीतलहर की स्थिति रही। इस दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस फतेहपुर में दर्ज किया गया।

इसके अलावा नागौर में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री, सिरोही में 2.7 डिग्री, जालोर में 2.9 डिग्री, लूणकरणसर में 3.9 डिग्री, चुरू में 4.0 डिग्री, दौसा में 4.2 डिग्री, सीकर में 4.5 डिग्री, भीलवाड़ा में 4.6 डिग्री व पिलानी में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी जयपुर में यह 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कुछ दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। इस दौरान बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा छा सकता है। वहीं एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 10-12 जनवरी के दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

# राजस्व अधिकारी सहित दो व्यक्ति तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार देर रात जयपुर में नगर निगम अलवर के राजस्व अधिकारी युवराज युधिष्ठिर मीणा व उसके कथित दलाल मुकेश को परिवादी से तीन लाख रुपये की कथित रिश्वत राशि लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म को नगर निगम अलवर क्षेत्र में यू.डी.टैक्स एकत्रित करने का टेंडर मिला है। उस टेण्डर की सर्वे रिपोर्ट/डाटा कलेक्शन को वेरीफाई करने एवं टेण्डर प्रक्रिया पूरी करने की एवज में आरोपी राजस्व अधिकारी युवराज युधिष्ठिर मीणा (राजस्व) द्वारा पांच लाख रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन किया और मंगलवार देर रात आरोपी मीणा एवं उसके दलाल मुकेश को परिवादी से तीन लाख रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों से पूछताछ व मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।



# सरकारी अस्पतालों में प्रबंधन बेहतर करने के लिए देशभर के नामी अस्पतालों का किया जाएगा भ्रमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता की दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग निरंतर नवाचार कर रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर अब प्रदेश के अस्पतालों में बेहतर प्रबंधन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी देश के नामी निजी एवं राजकीय अस्पतालों का भ्रमण कर वहां अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज, प्रबंधन एवं विशेषज्ञ सुविधाओं का अध्ययन करेंगे। इन बेस्ट प्रैक्टिसेज को प्रदेश के राजकीय अस्पतालों में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा।

नामी अस्पतालों की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करने की शुरुआत बुधवार को जयपुर के प्रतिष्ठित संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल से की गई। चिकित्सा शिक्षा सचिव के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षा विभाग, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज एवं उनसे सम्बद्ध अस्पतालों के अधिकारियों ने दुर्लभजी अस्पताल में बेस्ट प्रैक्टिसेज और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों के दल ने दुर्लभजी अस्पताल प्रबंधन की ओर से दिए गए विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से वहां चिकित्सक एवं रोगी अनुपात, नर्सिंग व्यवस्था, साफ सफाई, क्यू मैनेजमेंट, विशेषज्ञ सेवाएं, अस्पताल स्टाफ और उनके नियोजन, ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी, आईपीडी आदि के बारे में जाना। प्रजेंटेशन के दौरान बताया गया कि किस तरह से बेहतर चिकित्सा एवं नर्सिंग सेवाएं देने के लिए अस्पताल में स्टाफ का प्रबंधन किया जा रहा है। आईसीयू एवं वार्ड में पेशेंट फ्रेंडली व्यवस्थाओं के लिए क्या उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। अस्पताल में जांच सुविधाओं की स्थिति का भी अधिकारियों ने अध्ययन किया। अधिकारियों के दल ने अस्पताल परिसर में ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, जनरल वार्ड, फूड कोर्ट, लैब, बल्ड बैंक आदि स्थानों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को देखा।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में देश दुनिया के नामी विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ एवं मजबूत आधारभूत ढांचा उपलब्ध है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित अस्पतालों में करीब 3.45 करोड़ सालाना ओपीडी, 35 हजार से अधिक बेड हैं और 27 लाख से ज्यादा सर्जरी की जाती हैं। साथ ही, संसाधनों की समुचित उपलब्धता है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने में कभीकभी प्रबंधकीय कमी महसूस होती है।

# डेजर्ट नेशनल पार्क में देखे गये 12 गोडावण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जैसलमेर। धरती पर तेजी से लुप्त हो रहे सेड्युल फर्स्ट के वन्य जीव प्राणी द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को बचाने एवं संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयासों के बेहतर परिणाम सामने आये हैं। कई वर्षों के बाद वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया एवं डेजर्ट नेशनल पार्क (डीएनपी) की टीम एवं विशेषज्ञों की मेहनत के बाद जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क के क्लोजर में एक बहुत बड़ी अच्छी खबर मिली हैं। गत रविवार को राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर, पहली बार 12 गोडावण जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में अपने प्राकृतिक आवास में एक साथ देखे गए। यह दुर्लभ फ़ोटो डेजर्ट नेशनल पार्क के डिप्टी कंजरवेटर फॉरेस्ट आशीष व्यास ने अपने कैमरे में कैद किया।

इससे पहले, अक्टूबर 2023 और फरवरी 2023 में, 9 गोडावण एक साथ डीएनपी क्षेत्र में देखे गए थे। यह फोटो संकटग्रस्त राज्य पक्षी, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम दिखाती है। यह डीएनपी क्षेत्र में किये गये बंदोबस्त की आवश्यकता और महत्व को भी दर्शाती है।

डीएनपी के डिप्टी कंजरवेटर फॉरेस्ट आशीष व्यास ने इस गुड न्यूज की पुष्टि करते हुये बताया कि वह रविवार को नेशनल बर्ड डे के संदर्भ में एक स्टडी एवं अन्य जानकारी जुटाने के लिये डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी एरिया में गये थे, इसी दौरान गोडावण के विचरण व संरक्षण के लिये बनाये गए क्लोजर में उन्हें पहली बार एक साथ 12 गोडावण नजर आये जिसे उन्होंने तुरंत अपने कैमरे के फ्रेम में कैद किया।

उनके लिये सचमुच दुर्लभ नजारा था, और एक बहुत बड़ी गुड न्यूज भी थी। उन्होंने बताया कि इस बार जैसलमेर डेजर्ट नेशनल पार्क में पहली बार एक साथ 12 गोडावण का नजर आना जो कि एक बहुत बड़ा सुखद संकेत हैं। इसके पीछे पिछले कुछ सालों से क्लोजर में सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिये गये हैं।

वर्तमान में 70 से ज्यादा क्लोजर बने हुए हैं। इन क्लोजर में मानवीय दखल बिल्कुल नहीं है। ऐसे में मादा गोडावण को सुरक्षित वातावरण मिलने पर वह प्रजनन करती है। लगातार प्रजनन बढ़ने के पीछे वजह क्लोजर की सुरक्षा ही है।




# सौर ऊर्जा में राजस्थान देश में अग्रणी : नागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से जयपुर में 17 जनवरी से आयोजित किए जाने वाले भारत सोलर एक्सपो-2025 के पोस्टर का होटल ग्रैंड उनियारा में आयोजित एक कार्यक्रम में विमोचन किया। कार्यक्रम में नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प की प्राप्ति में सौर ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। भारत सोलर एक्सपो जैसे आयोजनों से इस क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी और उद्योग जगत के प्रयासों को बल मिलेगा। नागर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से 27 लाख करोड़ रुपये ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित हैं। इन एमओयू के धरातल पर उतरने से राजस्थान में सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न होंगे। इसके साथ ही राजस्थान की नई एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 भी निवेशकों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का भी समावेश होगा। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के अधिकारी एवं राजस्थान सोलर एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# ख्वाजा गरीब नवाज पर पेश की गई पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की चादर, पढ़ा गया भाईचारे का संदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स पर भेजी गई चादर राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानु खान बुधवाली और कई कांग्रेसी नेताओं ने अजमेर दरगाह में पेश की। दरगाह में चादर पेश कर देश और राज्य में अमन चैन, शांति और भाईचारा बना रहे इसे लेकर दुआ की गई। पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य और देश के लोगों को ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स उसकी बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। अल्लाह से दुआ करते हैं कि हमारे देश-प्रदेश में सुख शांति कायम रहे, समृद्धि हो और देश और प्रदेश दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की करे।

उन्होंने आगे कहा कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने हर गरीब की, गरीब को गणेश मान कर सेवाएं की हैं। आज भी तीन बार मुख्यमंत्री रहने के बाद भी उनका प्रयास रहा है कि हमारा प्रदेश राजस्थान तरक्की करे और सभी धर्मों के सभी जातियों के लोग मिलकर रहें। यही उनका संदेश हम सबको देने के लिए आए हैं। राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानु खान बुधवाली ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स पर हिंदुस्तान के और हिंदुस्तान के बाहर से आने वाले तमाम जायरीनों और देश में रहने वाले हर मजहब के लोगों को पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पैगाम दिया है। पूर्व सीएम ने पैगाम दिया है कि हिंदुस्तान की सरजमीं पर, गरीब नवाज की धरती पर जो रह रहे हैं वो अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली से रहें। हिंदुस्तान गंगा-जमुनी तहज़ीब का देश है। शहर में एक तरफ ब्रह्मा मंदिर है और दूसरी तरफ गरीब नवाज का दरबार है। इस दरबार में आने वाला हर मज़हब का व्यक्ति यही चाहता है कि हमारा मुल्क आगे बढ़े, प्रगति की तरफ रहे।

# बीआईएस के सहयोग से उत्पादों के मानकीकरण पर जोर दे उद्योग जगत : गोदारा



जयपुर। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को निजी होटल में 'मानक महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन में मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि वर्ष 1947 में स्थापना के बाद से ही बीआईएस गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकीकरण का प्रतीक रहा है। आईएसआई मार्क, हॉलमार्क और रजिस्ट्रेशन मार्क आज लाखों उपभोक्ताओं के बीच गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रगति के प्रतीक बन चुके हैं।

गोदारा ने कहा कि उत्पादों के मानकीकरण में वृहद एवं मध्यम उद्योग जगत की सहयोगात्मक भूमिका रही है। यही वजह है कि आज उपभोक्ता अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में बीआईएस द्वारा प्रमाणित गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं प्राप्त कर रहा है। उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से बीआईएस के सहयोग से नवाचार करने और अछूते रह गए क्षेत्रों में भी मानकीकृत गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करने की जरूरत पर बल दिया।

इस अवसर पर बीआईएस राजस्थान की निदेशक श्रीमती कनिका कालिया ने कहा कि वृहद और मध्यम उद्योगों के सहयोग से मानकीकरण को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय गुणवत्ता को विश्व स्तर तक पहुंचाया जा सकता है।

# समस्त वृक्षारोपण कार्यों का अब करवाया जाएगा तृतीय पक्ष मूल्यांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। वन मंत्री संजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में शासन सचिवालय में बुधवार को वन विभाग द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेन्ट और एरिड फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के साथ वृक्षारोपण कार्यों के मूल्यांकन करने का एमओयू किया गया। अब वन विभाग द्वारा करवाए जाने वाले समस्त वृक्षारोपण कार्यों का तृतीय पक्ष मूल्यांकन करवाया जाएगा। वर्तमान में प्रचलित मूल्यांकन प्रक्रिया में कुछ कमियों को दूर करने, मूल्यांकन कार्य में स्पष्ट रूप से पारदर्शिता लाने एवं समयबद्ध परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए विभाग द्वारा करवाए जाने वाले समस्त वृक्षारोपण कार्यों को तृतीय पक्ष मूल्यांकन करवाने का निर्णय लिया गया है।

वन विभाग द्वारा प्रचलित वर्तमान प्रक्रिया में नाबार्ड, कैम्पा एवं बाह्य सहायता प्राप्त योजना के अंतर्गत किए गए वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यों का मूल्यांकन तृतीय पक्ष मूल्यांकन पद्धति द्वारा करवाया जाता रहा है। तृतीय पक्ष मूल्यांकन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा एक विस्तृत गाइडलाइन के साथ परिपत्र जारी किया गया है जिसमें मूल्यांकन से संबंधित समस्त कार्यालयों का दायित्व भी निर्धारण किया गया है।

नवीन प्रक्रिया अनुसार किसी भी वर्ष में किए गए कुल वृक्षारोपण कार्यों में से 35 प्रतिशत कार्यों का शत प्रतिशत तृतीय पक्ष मूल्यांकन करवाया जाएगा। मूल्यांकन प्रक्रिया में किसी वृक्षारोपण कार्य का एक बार मूल्यांकन होने के उपरांत भी मूल्यांकन के पांच चरणों में उसी कार्य का रैंडम सैम्पलिंग में आने पर पुर्नमूल्यांकन एक से अधिक बार भी किया जा सकता है।

## ट्रांसफॉर्मर चोरी के कारण उप्र के गांव में 25 दिन से बिजली नहीं, ग्रामीण परेशान

**बदायूं (उप्र)/भाषा।** बदायूं जिले के उघैती क्षेत्र में सोरहा गांव के लोग 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर की चोरी के बाद 14 दिसंबर से बिना बिजली के रहे हैं। स्थानीय लोगों और अधिकारियों के अनुसार चोरों ने पास के खेतों से ट्रांसफॉर्मर को उखाड़ दिया, उसके पुर्जे और अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया और फिर वे भाग गए। बिजली विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बिजली विभाग ने जांच शुरू की, लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी गांव में कोई नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। इससे ग्रामीणों में निराशा बढ़ रही है, जिन्हें अब बिजली न होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब पांच हजार की आबादी वाला यह गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभावित विद्यार्थी हैं जो फरवरी में शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली के बिना विद्यार्थी रात में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ रहा है। ग्राम प्रधान सतपाल सिंह ने कहा, बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 'इनवर्टर' और मोबाइल चार्जिंग जैसी बुनियादी ज़रूरतें भी उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उघैती बिजली उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार ने कहा, ट्रांसफार्मर चोरी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

## अलीगढ़ की जामा मस्जिद के प्राचीन मंदिरों के स्थान पर बने होने का दावा, याचिका दायर

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने दिवानी अदालत में याचिका दायर की है और आरोप लगाया है कि यहां जामा मस्जिद का निर्माण बौद्ध, जैन और हिंदू परंपराओं से संबंधित प्राचीन मंदिरों के स्थान पर किया गया है। यह दावा अलीगढ़ नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी विभागों से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आवेदनों पर मिली सूचना पर पर आधारित है।

याचिका दायर करने वाले कार्यकर्ता पंडित केशव देव गौतम ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि दिवानी अदालत के न्यायाधीश गजेंद्र सिंह ने छह जनवरी को आदेश दिया था कि मामले की सुनवाई 15 फरवरी को होगी। उन्होंने दावा किया, ''मैं जामा मस्जिद के बारे में कई सरकारी विभागों में प्रश्न दायर करता रहा हूं, जो ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार 18वीं शताब्दी की शुरुआत में बनाई गई थी।'' उन्होंने कहा कि मस्जिद पुराने शहर में घनी आबादी वाले मुस्लिम बहुल इलाके अपर कोट में स्थित है। गौतम का दावा है कि अलीगढ़ नगर निगम की ओर से आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि मस्जिद सरकारी मंजूरी के बिना सार्वजनिक भूमि पर बनाई गई थी। इस जानकारी का हवाला देते हुए उन्होंने मौजूदा जामा मस्जिद प्रबंधन समिति को अवैध घोषित करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। 'पीटीआई-भाषा' को प्राप्त शपथ आयुक्त की मुहर लगी याचिका की एक प्रति के अनुसार, याचिकाकर्ता ने सरकार द्वारा मस्जिद की जगह को अपने अधीन लेने की मांग की है।

## भुवनेश्वर में दिनदहाड़े मजदूर संघ नेता की हत्या

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार को दिनदहाड़े अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति की बदमाशों ने कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह अपराध ऐसे समय हुआ जब शहर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के सिलसिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। पुलिस ने कहा कि सुबह करीब आठ बजे जब यह व्यक्ति राष्ट्रीय राजमार्ग-16 से रसूलगढ़ से वाणी विहार जा रहा था तब रसूलगढ रोड ओवरब्रिज पर इन बदमाशों ने उसे पकड़ लिया और उसे मार डाला।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान केदारपल्ली के निवासी सहदेव नायक के रूप में हुई है। वह मजदूर संघ के नेता थे और सफाईकर्मियों के सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत थे। नायक के परिवारवालों ने दावा किया कि उनकी हत्या इसलिए की गयी क्योंकि वह शहर में मादक पदार्थ की तस्करी का जबर्दस्त विरोध करते थे।

भुवनेश्वर के पुलिस उपाधीक्षक पिनाक मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अबतक तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा, ''हमने इस मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए तीन विशेष दल बनाये हैं। वैज्ञानिक दलों को भी जांच में शामिल किया गया है।'' जब उनसे परिवार द्वारा लगाये जा रहे मादक पदार्थ तस्करी संबंधी आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, '' हम हत्या की सभी कोणों से जांच कर रहे हैं। इस अपराध के पीछे की मंशा निजी दुश्मनी जान पड़ती है।''

मानचेश्वर थाने के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय स्वैन ने कहा, '' कुछ अज्ञात बदमाशों ने आज सुबह नायक पर हमला किया। हम बदमाशों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।''

## पीटी उषा ने खेल मंत्री से कहा, चुनिंदा मानदंडों को लागू करने से विश्वसनीयता कम होती है



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कड़े शब्दों में लिखे पत्र में खेल मंत्रालय पर राष्ट्रीय महासंघों के मामलों में हस्तक्षेप करने और ऐसा करके 'खेल प्रशासन की विश्वसनीयता को कम करने' का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने दावों के समर्थन में विवादास्पद भारतीय गोल्फ संघ चुनावों सहित कई उदाहरणों का हवाला दिया। हरीश कुमार शेट्टी के नेतृत्व वाले गुट द्वारा जीते गए भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) चुनावों को मान्यता देने के लिए मंत्रालय द्वारा आईओए की खिंचाई करने के तुरंत बाद उषा ने कहा कि खेल मंत्री मनसुख मांडविया को विवादास्पद आईजीयू चुनावों सहित राष्ट्रीय महासंघों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों की ठीक से जानकारी नहीं दी जा रही है।

दो जनवरी को अवर सचिव द्वारा हस्ताक्षर किये हुए एक पत्र में मंत्रालय ने कहा कि शेट्टी के गुट को मान्यता देने के आईओए के फैसले से 'दोहराव और भ्रम की स्थिति पैदा होती है' जो कानूनी जांच में नहीं टिक नहीं सकती।

मंडाविया को संबोधित अपने जवाब में उषा ने कहा, ''जिस तरह से यह पत्र जारी किया गया है वो प्रक्रियात्मक रूप से गलत प्रतीत होता है और रिकॉर्ड में दर्ज तथ्यों के सत्यापन की कमी और अवर सचिव की कम समझ को दर्शाता है। '' उन्होंने कहा, ''सर, जब से मैंने आईओए में पदभार संभाला है तब से यह और अधिक स्पष्ट हो गया है कि मंत्रालय के कर्मचारी जानबूझकर कभी भी युवा मामले और खेल मंत्री को सही तथ्यों से अवगत नहीं कराते हैं।''

# प्रगतिशील देशों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10% भी नहीं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिशत 14-15 प्रतिशत है, जबकि प्रगतिशील देशों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व विधायिका में 10 फीसदी भी नहीं है।

मुख्यमंत्री यहां उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधानमंडल की महिला सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह पल मेरे लिए आह्लादित करने वाला है। मेरा दोनों प्रदेशों से जुड़ाव है, क्योंकि उत्तर प्रदेश मेरी कर्मभूमि और उत्तराखंड जन्मभूमि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी विधानसभा है तथा यह पिछले ढाई-तीन वर्ष के अंदर नवप्रवर्तन और नए-नए प्रयोगों के लिए जानी जा रही है। उनका कहना था कि विधानसभा ने ई-विधान को सफलतापूर्वक लागू कर इसे कागज रहित किया है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में इन बातों को हम केवल बोल ही नहीं सकते, बल्कि उसका अनुभव भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्यतः विधानसभा में लोग दलीय प्रतिबद्धता से जुड़े होते हैं, इसलिए आम सहमति नहीं बन पाती है, लेकिन अधिवक्ताओं, अभियांत्रिकी,



चिकित्सकों, विज्ञान पृष्ठभूमि या अलग-अलग पक्षों के प्रतिनिधि, समूह में एक साथ बैठते हैं तो दलीय प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर समाज और देश के बारे में सोचते हैं। योगी आदित्यनाथ ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा और प्राचीन लोकतंत्र होने का दावा करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सबको स्वतंत्रता दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक लोकतंत्र दुनिया में बाद में आया होगा, लेकिन भारत में लोकतंत्र और गणतंत्र की शुरुआत ईस्वी से 600 वर्ष पूर्व वैशाली से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भारत में 1952 में पहला चुनाव हुआ तो पुरुषों के साथ महिलाओं को भी मत देने का अधिकार प्राप्त हुआ था लेकिन आधुनिक और अन्य देशों में महिलाओं को मताधिकार की ताकत भारत से बहुत बाद में मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल सरकार के माध्यम से कोई योजना बहुत सफल हो जाए, यह कठिन है, ऐसे में समाज को भी सहभागी बनना पड़ेगा। उनका कहना था कि देश के अंदर नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी पारित हो चुका है। वर्ष 2029 के बाद हर चुनाव (विधानसभा और संसद) में भी एक तिहाई से अधिक प्रतिनिधित्व महिलाओं का होने जा रहा है यानी 14-15% से बढ़कर यह 33 से 50 फीसदी पहुंच सकता है। कार्यक्रम में उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या, गुलाब देवी, मंत्री रजनी तिवारी, प्रतिभा शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

## किसानों तक नहीं पहुंच रहा योजनाओं का लाभः झारखंड की कृषि मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को कहा कि जमीनी स्तर पर उचित क्रियान्वयन नहीं होने के कारण उनके विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा। तिर्की ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा उसकी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नियुक्त ग्राम स्तरीय कर्मचारी (वीएलडब्ल्यू) अन्य विभागों का काम भी संभाल रहे हैं।

तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, ''हम विभाग की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंच नहीं पा रहा, क्योंकि वीएलडब्ल्यू आवास योजना और मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं से संबंधित कार्य भी कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि विभाग ने वीएलडब्ल्यू को पत्र जारी कर उन्हें केवल कृषि से संबंधित कार्य करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, ''हमने वीएलडब्ल्यू के लिए एक सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है, जहां उन्हें विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि वे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सकें। हम उन्हें मासिक लक्ष्य देंगे और उनकी जवाबदेही तय करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''मैं मौजूदा योजनाओं को सही तरीके से जमीनी स्तर पर लागू करना चाहती हूं। अगर योजनाओं को सही तरीके से लागू किया गया तो राज्य में पलायन की समस्या खत्म हो जाएगी। हमारा उद्देश्य झारखंड को कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।'' मंत्री ने बताया कि 18 जनवरी को रांची जिले के चान्हो ब्लॉक में मंडल स्तरीय कृषि मेला आयोजित किया जाएगा और इसमें वीएलडब्ल्यू एवं किसानों को आमंत्रित किया जाएगा।

## सीईसी, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर शीर्ष अदालत ने कहा, यह न्यायालय की राय बनाम विधायी शक्ति होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चार फरवरी तक टालते हुए बुधवार को कहा कि यह कानून बनाने की विधायी शक्ति बनाम अदालत की राय होगा।

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को सूचित किया कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं और अगर न्यायालय ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो नये कानून के तहत



एक नया सीईसी नियुक्त किया जाएगा। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत ने दो मार्च 2023 के अपने फैसले में सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक पैनल का गठन किया था। उन्होंने कहा, ''हालांकि, नये कानून के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े विरोधी दल के नेता शामिल होंगे। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से हटा दिया है।'' पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए चार फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह देखेगी कि किसकी राय सर्वोच्च है। उसने कहा, ''यह अनुच्छेद-141 के तहत अदालत की राय बनाम कानून बनाने की विधायी शक्ति होगा।'' याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि सरकार ने दो मार्च 2023 के फैसले का आधार नहीं बदला है और एक नया कानून बनाया है।

भूषण ने कहा कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकती, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। उन्होंने कहा, ''हमारा विचार है कि सरकार प्रधान न्यायाधीश को उस चयन समिति से नहीं हटा सकती, जिसके गठन का निर्देश शीर्ष अदालत ने दो मार्च 2023 को दिया था।''

'शीश महल' विवाद

## 'आप' और भाजपा के बीच टकराव, आप नेताओं को मुख्यमंत्री आवास में जाने से रोका गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के सिविल लाइंस में छह, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के बाहर बुधवार को उस समय नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने बंगले में प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। यह बंगला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक आवास था। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाद में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के सरकारी आवास तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें फिर से रोक दिया। जिसके बाद आप नेताओं ने धरना दिया।

इसके बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मीडिया को मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित एबी17 मथुरा रोड बंगले पर लेकर गए और दिखाया कि उनके पास पहले से ही सरकारी आवास है। भाजपा ने जानना चाहा कि आतिशी सरकारी आवास आवंटित होने के बावजूद अलग बंगला क्यों मांग रही हैं। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज को फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में प्रवेश नहीं करने दिया गया, जिसके बाद उन्होंने उसके बाहर धरना दिया।

भाजपा द्वारा ''शीश महल'' के मुद्दे पर तंज किए जाने के जवाब में 'आप' ने मीडिया को मुख्यमंत्री आवास का दौरा कराने के लिए आमंत्रित किया था। पुलिस ने 'आप' नेताओं को परिसर में जाने से रोकने के लिए छह, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित



बंगले के सामने अवरोधक लगा दिए और जवानों को तैनात किया था।

इसके बाद वे प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़े और रोके जाने पर तुगलक रोड पुलिस थाने के पास धरना दिया। आप नेताओं ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रधानमंत्री आवास के निरीक्षण से भागने का आरोप लगाया। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के नवीनीकरण में अत्यधिक लागत आई है। संजय सिंह ने कहा, '' भाजपा का झूठ आज पूरे देश के सामने उजागर हो गया है। भाजपा ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर सोने से बना मिनी बार, स्विमिंग पूल और कमोड है। हालांकि, उन्होंने हमें अंदर जाने और जनता को सच्चाई दिखाने की अनुमति नहीं दी।'' संजय सिंह ने प्रधानमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन के दौरान कहा, ''अब वे हमें प्रधानमंत्री आवास की वास्तविकता बताने से भी रोक रहे हैं, जो 2,700 करोड़ की लागत से बना है।'' 'आप' नेताओं ने मीडिया को मुख्यमंत्री आवास का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था। भाजपा लगातार दावा करती आ रही है कि अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास को ''शीश महल'' में बदल दिया गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने आवास पर आने की अनुमति मांगी थी तो सिंह और भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, ''हमें मुख्यमंत्री के आवास में प्रवेश करने की अनुमति क्यों चाहिए?'' उन्हें आवास में प्रवेश करने की अनुमति के लिए अधिकारियों से बात करते देखा गया।

भारद्वाज को एक अधिकारी से कहते हुए सुना गया, ''आपको हमें रोकने का निर्देश किसने दिया? मैं एक मंत्री हूं और मैं यहां मुआयना करने के लिए आया हूं। आप मुझे कैसे रोक सकते हैं और किसके आदेश पर? क्या आपको उपराज्यपाल से निर्देश मिले हैं?'' इससे पहले सिंह और भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे पत्रकारों को प्रधानमंत्री आवास पर भी ले जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास को 'आप' ने ''राज महल'' करार दिया और दावा किया कि इसे 2,700 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

## महिला हॉकी इंडिया लीग से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी : सविता पूनिया

**नई दिल्ली/भाषा।** लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 तक खेलने की उम्मीद जताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और अधिक युवा हॉकी खेलने के लिये प्रेरित होंगे । महिला एचआईएल का पहला सत्र 12 से 26 जनवरी तक खेला जायेगा ।

सविता ने पीटीआई से कहा ,'' हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है ताकि वह परिवार को तनावमुक्त रख सके, उसकी मदद कर सके और अच्छे उपकरण खरीद सके । हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है ।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता । वह अपने खेल पर फोकस कर सकती है । माता पिता भी अब निश्चिंत हो सकते हैं कि हॉकी में भविष्य है और बच्चे इसमें कैरियर बना सकते हैं ।''

34 वर्ष की सविता ने कहा कि उनका संन्यास लेने का इरादा नहीं है और वह लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 खेलना चाहती है बशर्ते फिट रहे और खेल का मजा लेती रहे । उन्होंने कहा ,'' मैं अगला ओलंपिक खेलना चाहती हूं । मेरे माता पिता ने हमेशा मेरे फैसलों का समर्थन किया और अब शादी के बाद सास ससुर और पति भी मेरा पूरा साथ दे रहे हैं । मैं किस्मतवाली हूं ।''



## बंगाल हर क्षेत्र में अग्रणी, कमजोर करने के प्रयास सफल नहीं होंगे : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल को शिक्षा, संस्कृति, खेल से लेकर हर क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोग जानते हैं कि इस प्रमुख स्थान और विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की संतोष ट्रॉफी टीम के सभी सदस्यों को विशेष कोटे के तहत जूनियर अधिकारी रैंक में राज्य पुलिस बल में भर्ती किया जाएगा। बंगाल की टीम ने इस वर्ष भी फुटबॉल की अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप जीती है।

यहां 'छात्र सप्ताह' कार्यक्रम में उन्होंने समाज सुधारक राममोहन राय और ईश्वरचंद्र विद्यासागर का उदाहरण देते हुए कहा कि बंगाल ने सती प्रथा और विधवाओं के शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के साथ ही महिला शिक्षा की शुरुआत करने का मार्ग दिखाया।

बनर्जी ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर और कवि काजी नजरूल इस्लाम ने अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से भाईचारे, देशभक्ति, सौहार्द और मातृभूमि के प्रति प्रेम का संदेश फैलाया ताकि ''लोगों को एकजुट किया जा सके।'' उन्होंने कहा, ''अब अगर कोई राज्य की उस भावना, उस गौरवशाली विरासत को कमजोर करने की धमकी देता है, तो उसको रोकें, उसका मुकाबला करें।'' बनर्जी ने कहा कि बंगाल के बेटे और बेटियां दुनिया और देश के हर अग्रणी संस्थान और संगठन में काम कर रहे हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की विशिष्ट स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े (अर्थशास्त्री) अमर्त्य सेन और (इतिहासकार) सुगाता बोस के अलावा, कई बंगाली शिक्षाविद दुनिया भर में अपनी उपलब्धियों और योगदान से भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।''

## रोहित और कोहली को घरेलू क्रिकेट में खेलते देखना चाहते हैं शास्त्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट संघर्ष कर रहे कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली रणजी ट्रॉफी खेल कर यह साबित कर सकते हैं कि उनमें इस प्रारूप में सफल होने का जज्बा बरकरार है।

रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह से विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की लचर बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए इस शृंखला को 3-1 से जीता। भारतीय टीम के शृंखला गंवाने के बाद मुख्य कोच



गौतम गंभीर ने घरेलू क्रिकेट के महत्व पर जोर दिया था। भारतीय टीम अपना अगला टेस्ट इस साल जून में खेलेगी लेकिन शास्त्री का भी मानना है कि रोहित और कोहली को रणजी ट्रॉफी खेलना चाहिए। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''उनके खेल में अगर कोई कमी है तो उन्हें वापस जाना चाहिए और घरेलू क्रिकेट खेल कर सुधार करना चाहिये। जब आप इतने लंबे समय तक टेस्ट मैच क्रिकेट खेलते हैं तो दो कारणों से घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है। एक तो आपको वर्तमान पीढ़ी के साथ तालमेल बनाना होता है और दूसरा आप युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं।'' उन्होंने कहा, '' स्पिनरों की मददगार पिचों पर भी इस टीम का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। प्रतिद्वंद्वी टीम में अगर अच्छा स्पिनर है तो वह आपको परेशान कर सकता है।'' भारतीय टेस्ट टीम के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' टीम में बने रहने के लिए जुनून और जज्बे की जरूरत होती है। एक 36 साल (कोहली) साल है तो दूसरा 38 साल (रोहित) का है, दोनों को पता है कि उनमें खेल को लेकर कितना जुनून है।''

## हमेशा प्रेरित रहते हैं विराट, उन्हें पता है कि क्या करना है : फाफ डुप्लेसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**केपटाउन/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने बुधवार को कहा कि विराट कोहली संघर्ष के दौर को पीछे छोड़ने के लिए बेताब होंगे और भारत का यह शीर्ष बल्लेबाज फॉर्म में लौटने में सक्षम है।




हाल में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कोहली का प्रदर्शन बहुत खराब रहा जिसमें उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में नाबाद शतक के साथ शुरुआत करने के बावजूद पांच टेस्ट मैचों में 23.75 की औसत से केवल 190 रन बनाए। डुप्लेसी ने आरसीबी में साथी रहे कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि संघर्ष के बाद वह और मजबूत होकर वापसी करेंगे और साथ ही कहा कि संन्यास लेना बहुत व्यक्तिगत चीज है। एसए20 के तीसरे सत्र के 'कैप्टन्स डे' के मौके पर डुप्लेसी ने पीटीआई से कहा, ''यह बहुत ही व्यक्तिगत फैसला है। कोई भी आपसे यह नहीं कह सकता कि एक खिलाड़ी के तौर पर उनका खेलने का समय कब (खत्म) होगा, आपको पता चल जाएगा। '' डुप्लेसी ने कहा, ''मैं जानता हूं कि उनके जैसा खिलाड़ी बहुत ही प्रेरित रहता है। वह पहले भी इस दौर से गुजर चुका है इसलिए उसे पता है कि उसे क्या करना है। ''

### सुविचार

**कौन किसका गुरु है ? एकमात्र ईश्वर ही सबके गाइड (पथप्रदर्शक) और ब्रह्मांड के गुरु हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ट्रूडोकांड : अति का अंत

आखिरकार जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे ही दिया। उनका यह अंजाम होगा, इसके योग तो प्रबल थे, लेकिन सबकुछ इतना जल्दी होगा, इसकी उम्मीद कम थी। खुद ट्रूडो ने भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें इस तरह कुर्सी छोड़नी होगी। हालांकि वे अपने देश का भरपूर नुकसान कर चुके हैं, जिसकी भरपाई होने में वर्षों लगेंगे। ट्रूडो से लोगों को बड़ी आशाएं थीं। उन्हें सत्ता में लाने में भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों का बहुत सहयोग मिला था। इसके बाद ट्रूडो ने अपना 'असली रंग' दिखाना शुरू किया। अगर वे रचनात्मक राजनीति करते तो अपने देश को बहुत बेहतर स्थिति में छोड़कर जाते। अन्य देशों के साथ कनाडा के संबंध मधुर होते। उन्होंने क्या किया और क्या छोड़ा? ट्रूडो सिर्फ विभाजन की राजनीति करते रहे और एक विभाजित राष्ट्र छोड़कर कुर्सी से उतरे हैं। उनके शासन में कनाडा उग्रवादी तत्त्वों के लिए आश्रय स्थल बन गया था। खालिस्तान समर्थक दर्जनों कुख्यात उग्रवादी कनाडा में बैठकर भारत के खिलाफ बयानबाजी करते थे। उनमें यह दुस्साहस कहां से आया था? जब प्रधानमंत्री ही पैरवी करने लग जाएं तो कैसा डर! पिछले साल ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर कट्टरपंथियों और उग्रवादियों ने हमला कर दिया था। शांत और सहिष्णु माने जाने वाले कनाडा के बारे में ऐसी चर्चा होने लगी थी कि ट्रूडो का 'खालिस्तान प्रेम' इस देश को पाकिस्तान की राह पर ले जाएगा! पढ़ाई और रोजगार के लिए कनाडा गए कई भारतीय नागरिक 'अन्य विकल्पों' पर विचार करने लगे थे। ट्रूडो ने कनाडा-भारत संबंधों को बिगाड़ने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उन्हें यह भ्रम था कि भारत सरकार दबाव में आ जाएगी, लेकिन हुआ इसका ठीक उल्टा। भारत सरकार कनाडा के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए दृढ़ रही। इससे भी ट्रूडो की छवि को गहरा धक्का लगा था।

जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व को लेकर 'असंतोष' रातोंरात पैदा नहीं हुआ था। उन्होंने अपने 'कारनामों' से खुद ही ऐसा माहौल बना दिया। ट्रूडो से उम्मीद थी कि वे कनाडा की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाएंगे, रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे, मध्यम वर्ग को राहत देंगे। वे इन तीनों ही मामलों में नाकाम साबित हुए। कनाडा में मकान खरीदना काफी मुश्किल हो गया है। खानपान की लागत बढ़ गई है। रोजगार की स्थिति उत्साहजनक नहीं रही। कई लोगों की आमदनी घट गई। आव्रजन संबंधी नीतियां सवालों के घेरे में हैं। इन हालात में एक विवेकशील नेता ऐसे कदम उठाता है, जिनसे लोगों का भरोसा मजबूत हो। वहीं, ट्रूडो सोशल मीडिया से लेकर बड़े-बड़े मंचों से खालिस्तान समर्थकों के सुर में सुर मिला रहे थे। कुछ उग्रवादी, जो आपसी रंजिश में एक-दूसरे के शिकार हो गए थे, के लिए ट्रूडो का 'आंसू बहाना' ऐसा नाटक था, जिसे कनाडाई जनता ने पसंद नहीं किया। जब यह बात खुलकर सामने आ गई कि ट्रूडो को सिर्फ वोटबैंक से मतलब है, जिसके लिए वे राष्ट्र के हितों से समझौता करने से गुरेज़ नहीं करेंगे तो उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिरने लगा था। जस्टिन ट्रूडो का अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहा है। ट्रंप ने चुनाव जीतते ही ऐसे संकेत देने शुरू कर दिए थे कि अब 'प्रधानमंत्री' ट्रूडो के साथ उनका टकराव तय है। अगर ट्रूडो इस पद पर रहते तो कनाडा-अमेरिका के संबंधों में कड़वाहट का एक नया दौर शुरू होने की आशंका थी। कनाडा के इस संपूर्ण 'ट्रूडोकांड' में कई गहरे सबक हैं। राजनीति में शीर्ष पद अपने साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारियां लेकर आता है। अक्लमंद वह है, जो अपने पद से जुड़ी 'शक्ति' का प्रयोग जनकल्याण के लिए करे। जो व्यक्ति अपने कर्तव्यों को भूलकर 'विध्वंसक तत्त्वों' से हाथ मिलाता है, संबंधों में कड़वाहट घोलता है, उसकी 'अति का अंत' इसी तरह होता है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस को भी 'ट्रूडोकांड' से सबक लेना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक बी. आर. ग्वाला जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्री रामजी दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



भ्रष्टाचारी लोग कितने भी महंगे वकील रख ले, केस हारकर इनका जेल की सलाखों के पीछे जाना तय है। मोदी सरकार भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर पूर्णतया प्रतिबद्ध है। न्यायिक संस्थाएं सत्य और तथ्य के आधार पर संविधान सम्मत रूप से चलती है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



आज मुख्यमंत्री आवास पर योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने, समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्विति करने हेतु विशेष निर्देश प्रदान किए।

**-भजनलाल शर्मा**

### प्रेरक प्रसंग

## साधना की दिशा

एक बार गौतम बुद्ध ने अपने शिष्यों को एक काम सौंपा। एक बगीचे में कुछ पौधों को भली प्रकार से सींचना था। सबको एक एक घड़ा दे दिया गया। और बताया गया कि अमुक झील से जल भरकर यहां पौधों को सींचना है। सब यह कार्य करने को तैयार हो गये। बस एक शिष्य एकदम अनमना-सा था। बुद्ध ने उसे अपने पास बुलाया और शंका का कारण पूछ लिया। वो कहने लगा कि, 'गुरुवर, यह कैसा काम है। मैं तो साधना करने आपके पास आया और यह काम मुझे साधक बनाने में किस प्रकार सहायक है?' बुद्ध यह सवाल सुनकर धीरे से मुस्कुराने लगे और उसकी शंका का समाधान किया कि, वत्स!, तुम जानते हो न, कि नदी आखिरकार समंदर में मिल जाती है। लेकिन उससे पहले वो अपनी एक पहचान बना लेती है। तुम इस जल सेवा के दौरान प्रकृति सेवा करते हुए समूह को कुछ संवेदना दोगे और कुछ हासिल भी करोगे। याद रखो, हमारा हर काम हवा की तरह बहता है और अपने साथ एक गंध ले जाता है।'अब वह शिष्य सही समझ गया था। इस बोध के साथ वो खुशी से जल लाया और पौधों को सींचने लगा।

### सामयिक

# केजरीवाल के लिए बढी हुई हैं चुनौतियां

**अवधेश कुमार**



चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित हो चुकी है। 5 फरबरी मतदान होगा और 8 फरवरी को परिणाम आएगा। अब भारत का नगर निगम चुनाव भी राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनता है किंतु राजधानी के साथ जबसे आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार बनी पूरा देश यहां के चुनाव पर सघनता से चर्चा करता है। दिल्ली की राजनीति ऐसे - ऐसे विषयों को लेकर चर्चा में रहती है जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की गई। इस चुनाव के बीच ऐसे विषय और मुद्दे उठ रहे हैं जिन पर पूरा देश वैचारिक रूप से विभाजित है। 2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई थी। इसके पूर्व यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियों थी। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। 2014 से लोकसभा चुनाव में भाजपा को एकतरफा सभी सीटों पर लगातार विजय मिली लेकिन विधानसभा में उसके लिए सम्मान बचाना संभव नहीं हुआ। 1998 से वह सत्ता से बाहर है और कुल 70 क्षेत्रों में उसे 2015 और 2020 के चुनावों में 10 भी प्राप्त नहीं हुई। इस बार भाजपा अगर सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और दिल्ली के प्रमुख नेता अजय माकन ने अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्हें देशद्रोही तक कहा तथा उसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित लगातार हमलावर तेवर अपनाए हैं। प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी?

पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोकसभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व ऐसा लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंदी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है। यानी आप आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए। अरविंद केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं और प्रहार किया जिसमें भाजपा के सामने उत्तर देने का ही विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रही, उनकी विश्वसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रही लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही है। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निजी एवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11 से 12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे , केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिंदुत्व राजनीति का एक मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। वैसे दिल्ली की अर्थव्यवस्था इसकी अनुमति नहीं देती। यह सच है कि मुफ्त सेवाएं देने सहित आर्थिक नीतियों में और दूरदर्शिता के कारण केजरीवाल सरकार दिल्ली के बजट को घाटे में ला चुकी है। पंजाब में महिला सम्मान 1000 रुपये प्रति महीने देने की घोषणा भगवंत मान सरकार आज तक आरंभ नहीं कर सकी है। कारण, वहां की वित्तीय स्थिति उनको इसकी अनुमति नहीं देती यही स्थिति दिल्ली की है। केजरीवाल के बोलने , लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है। भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकती है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिंदुत्व समर्थकों के बीच यह संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे । सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियां वाला है।भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतीशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित उनको चुनौती दे रहे हैं और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं। यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती है। उच्चतम न्यायालय ने जमानत में केजरीवाल के साथ शर्त लगाई हुई है कि वे मुख्यमंत्री रहें भी तो न सचिवालय जाएंगे न कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे और न फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। कांग्रेस और भाजपा लोगों के समक्ष रख रही है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम ही नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आप सरकार को कट्टर बेईमानों की कहा तो इस बार दिखाने के लिए शराब नीति घोटाले से लेकर बिजली-पानी व्यवस्था, शिक्षा आदि में भ्रष्टाचार के आरोप और उनके प्रमाण हैं। शराब नीति भ्रष्टाचार के आरोप में स्वयं केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और उनके साथी जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर है। इसका असर उनकी पार्टी के अंदर भी है और एक वर्ग महसूस कर रहा है कि ईमानदारी और शुचिता के वादे के विपरीत हमारे लोगों ने शराब नीति में भ्रष्टाचार किया है। दूसरे, आप सरकार के कार्यकाल दिल्ली की सड़कें ध्वस्त हो चुकी हैं, आपको जगह-जगह गड्ढे मिलेंगे, गाड़ियों का 5 मिनट भी सरपट चलना ज्यादातर क्षेत्रों में कठिन है। इससे लोग परेशान हैं और ट्रैफिक जाम की समस्या का यह बड़ा कारण है। दिल्ली के फुटओवर ब्रिज खतरे की ओर बढ़ रहे हैं, न किसी की 10 सालों में मरम्मत हुई और न पेंटिंग। ज्यादातर परिवारों में कुछ महीने पानी का बिल नहीं आता और एक बार इतना आता है जितना शायद 6 महीने एक वर्ष में नहीं देते होंगे। ये सारी स्थितियां झेलने के बाद लोगों के अंदर असंतोष तो है। भाजपा ने इन मुद्दों को उठाया तथा प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली के लोगों के लिए इस सरकार को आपदा बताना अपील कर रहा है। भाजपा के लिए 'आपदा सरकार नहीं सहेंगे बदल कर रहेंगे बदल कर रहेंगे ' एक नया नारा भी मिल गया। जब प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार को काम न कर बाधा डालने वाला तथा केंद्र को काम करने वाला घोषित किया तो पक्ष में तथ्य भी दिए। दिल्ली की ज्यादातर वही सड़कें, फ्लाईओवर आकर्षक हैं जो नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा या उनके सहयोग से निर्मित है। इसके प्रमाण भी हैं कि जब केजरीवाल जमानत पर बाहर आए तो साथियों के साथ सड़कों को ठीक करने के लिए जगह-जगह मीडिया के कैमरों के साथ बयान देते देखे गए। कांग्रेस की स्थिति जो भी हो वह जितना वोट काटेगी आप को ही क्षति पहुंचाएगी। स्वाभाविक ही आप के लिए चुनौतियां कठिन है। ये चुनौतियां केजरीवाल और आप के सामने पहले नहीं थीं।

### विशेष

# नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

**ललित गर्ग**

मो. 9811051133



प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं।

भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी। सशक्त भारत-नया भारती एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने हेतु हमारी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वे अपनी ऊर्जा, अनुभव, विचारों, व्यापार कौशल, निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और नॉलेज शेयरिंग में योगदान देंगे। मातृभूमि की माटी की पुकार ऐसी होती है जो समय और दूरी की बाधाओं को नहीं देखती है।

प्रवासी भारतीयों ने दुनिया के विभिन्न कोनों में अपने निवास के देशों में समृद्ध और उत्पादनशील जीवन का निर्माण किया है। इस सम्मेलन में असाधारण योग्यता के व्यक्तियों के भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने की प्रोत्साहन योजना भी है। विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ, यह सम्मेलन भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच है। भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाना चाहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की राह पर चल रहा है और भारत में निवेश करना तथा व्यापार करना पहले से कहीं आसान हो गया है, इसलिए भारत में पूंजी लगाने में वे तनिक न हिचकें।' भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इन सुखद स्थितियों में विदेशों में प्रवासी भारतीयों की स्थिति का मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों एवं नये बनते भारत में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होना अपेक्षित है।

## महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# जेनिफर लोपेज ने फिल्म 'अनस्टॉपेबल' को लेकर कहा, 'लातिनी परिवारों पर इस तरह की कहानियां नहीं बनीं'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर लोपेज का मानना है कि एक शक्तिशाली व्यक्ति के पीछे उतना ही शक्तिशाली इंसान छिपा होता है। लोपेज फिल्म 'अनस्टॉपेबल' में एक ऐसी मां का किरदार निभा रही हैं, जो अपने एक पैर वाले बच्चे को कुश्ती खेलने के लिए प्रेरित करती हैं।

आगामी फिल्म अमेरिकी पहलवान एंथनी रॉबल्स (झारेल जेरोम) की सच्ची कहनी पर आधारित है, जो एक पैर के साथ जन्म लेता है और अपने अदम्य साहस से हर बाधा पार करते हुए राष्ट्रीय विजेता बनने के अपने सपने को पूरा करने में जुट जाता है।

फिल्म 16 जनवरी को भारत में प्राइम वीडियो पर प्रसारित की जाएगी।

लोपेज ने फिल्म में एंथनी की समर्पित व जिद्दी मां जूडी का किरदार निभाया है। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा फिल्मों में ही किसी लातिनी परिवार की कहानी को सही तरीके से चित्रित किया गया है और इसलिए 'अनस्टॉपेबल' का हिस्सा होना मजेदार है।

अभिनेत्री ने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा को दिये साक्षात्कार में कहा, जब मैंने फिल्म की कहानी पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक बहुत ही प्रेरणादायक कहानी है। यह बहुत ही अलग कहानी है। हमारे पास लातिनी परिवारों पर आधारित चुनिंदा फिल्में ही हैं इसलिए मैं इस किरदार को निभाना चाहती थी। यह हमेशा से चला आ रहा है, संघर्ष और सब कुछ। और भले ही जीवन में संघर्ष हो लेकिन अंत में जीत ही होती है।

जब लोपेज असल जिंदगी के जूडी और एंथनी से मिली थीं तो उन्होंने सोचा था कि इस कहानी को लोगों को सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, वह (एंथनी) वास्तव में एक असाधारण मनुष्य हैं लेकिन हमेश एक शक्तिशाली इंसान के पीछे कोई होता है, जो वास्तव में उतना ही शक्तिशाली होता है और वह थी उनकी मां जूडी। इस किरदार को निभाना और इस कहानी को लोगों के सामने लाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

साक्षात्कार का हिस्सा रहीं जूडी रॉबल्स को विश्वास नहीं हुआ कि लोपेज फिल्मी पर्दे पर उनका किरदार निभा रही हैं।

जूडी ने कहा, उन्होंने (लोपेज ने) मेरा किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया। वह बिल्कुल अद्भुत थीं। उन्होंने मुझसे बेहतर तरीके से निभाया। ऐसे कई पल थे, जब वह मुझसे पूछती रहीं, 'क्या यह ठीक है? क्या तुम यही करतीं?' वह मेरे जैसी ही थीं। मैंने वास्तव में उनकी सराहना की और उनके काम को महत्व दिया।

## जुलूस



प्रयागराज में संगम की ओर औपचारिक प्रवेश करते हुए महाकुंभ मेला 2025 के लिए 'पेशवाई' धार्मिक जुलूस में 'अखिल भारतीय वैष्णव अनी अखाड़ा' के साधु ।



# फिल्म नागबंधम से 'रुद्र' के किरदार का होगा अनावरण

मुम्बई/एजेन्सी

अभिषेक नामा निर्देशित और थंडर स्टूडियो के सहयोग से बनी लक्ष्मी इरा और देवांश अभिनीत फिल्म नागबंधम से 'रुद्र' के किरदार का अनावरण 13 जनवरी को होगा। 13 जनवरी को रिलीज़ होने वाले एक रोमांचक नए वीडियो में नागबंधम से 'रुद्र' को पेश किया जाएगा।यह फिल्म रहस्य, पौराणिक कथाओं और रोमांच को एक साथ मिलाकर एक शानदार अनुभव का वादा करती है। पोस्टर एक दिलचस्प कहानी को दर्शाता है, जिसमें एक अकेला व्यक्ति एक विशाल, जटिल नक्काशीदार द्वार के सामने खड़ा है, जो एक रहस्यमयी सुनहरी रोशनी से जगमगा रहा है। यह आकर्षक छवि अंदर छिपे रहस्यों और प्राचीन खजानों का संकेत देती है।

उत्साह को बढ़ाते हुए, पोस्टर में 13 जनवरी को रुद्र के परिचय की घोषणा की गई है, जो सिनेमाई परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण चरित्र का अनावरण है। किशोर अन्नापुरेड्डी निर्मित फिल्म नागबंधम का सह-निर्माण तारक सिनेमा ने किया है।यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में रिलीज़ की जाएगी।

# ब्रिटेन में ज्यामिति सीखने में पिछड़ रहे हैं बच्चे, खेल के जरिए सीखने में की जा सकती है मदद

सर्रे। ज्यामिति गणित की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जिसका उपयोग हम 2डी (टू डाइमेंशनल) और 3डी (थ्री डाइमेंशनल) स्थानों के गुणों जैसे दूरी, आकार, आकृति और स्थिति को समझने के लिए करते हैं। हम प्रतिदिन ज्यामिति का प्रयोग करते हैं : उपहार लपेटने के लिए कागज काटना, फर्श पर टाइल लगाने के लिए कमरे का क्षेत्रफल निकालना, तथा कार्यस्थल पर 'पाई चार्ट' और 'बार ग्राफ' की व्याख्या करना। यहां तक कि दीवार पर लगी तस्वीर के टेढ़े-मेढ़े होने पर भी ध्यान देना हमारी ज्यामितीय समझ पर निर्भर करता है।

यद्यपि इंग्लैंड के बच्चे कई देशों की तुलना में गणित में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, फिर भी ज्यामिति में उनके अंक उनके गणित के समग्र अंकों से काफी कम हैं। यह पैटर्न (स्वरूप) 2015 से पांचवीं कक्षा (आयु नौ और दस) और नौवीं कक्षा (आयु 13-14) के बच्चों के लिए लगातार बना हुआ है।

इसका समाधान बच्चों के स्थानिक कौशल में सुधार करने में निहित हो सकता है : ऐसा कुछ जो सरल और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से किया जा सकता है, जैसे कि जिगसॉ पजल, खिलौना कार या कंस्ट्रक्शन सेट के साथ खेलना।

स्थानिक कौशल और समझ वस्तुओं के स्थानिक गुणों, जैसे कि उनके आकार और स्थान को समझने तथा वस्तुओं और समस्याओं की कल्पना करने की क्षमता है।

उदाहरण के लिए अपने मन में एक घन की कल्पना करें। इसमें कितनी भुजाएं हैं? आपने इसे समझने के लिए स्थानिक दृश्य कौशल का उपयोग किया है।

अनुसंधान से लगातार यह पता चलता है कि जो बच्चे स्थानिक चिंतन में अच्छे होते हैं, वे गणित में भी अच्छे होते हैं, तथा स्थानिक प्रशिक्षण गणित में सुधार के लिए प्रभावी होता है।

इसके बावजूद स्कूलों में स्थानिक सोच पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसके बजाय, गणित विषय के मौजूदा पाठ्यक्रम में संख्या पर अधिक ध्यान दिया जाता है।

उदाहरण के लिए ज्यामिति के मौजूदा पाठ्यक्रम में विजुअलाइजेशन(मानसिक चित्रण) शामिल नहीं है। विजुअलाइजेशन मन की आंखों में स्थानिक जानकारी की कल्पना और हेरफेर करने की क्षमता है।

यह स्थानिक सोच का एक पहलू है जो गणित के लिए आधारभूत है। अधिक स्थानिक सोच को शामिल करने से गणित के शिक्षण में लाभ होगा। ज्यामिति के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ, यह ग्राफ पढ़ने, सूत्रों को पुनर्व्यवस्थित करने और समस्या समाधान में भी मदद करता है।

इस बीच, माता-पिता अपने बच्चों को घर पर स्थानिक कौशल विकसित करने में मदद कर सकते हैं। प्री-स्कूल और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं।




# स्पाई थ्रिलर 'जी2' में काम करती नजर आएंगी वामिका गब्बी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री वामिका गब्बी स्पाई थ्रिलर फिल्म जी2 में काम करती नजर आयेंगी। विनय कुमार सिरिगिनीदी निर्देशित बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर जी2 में अदिवी शेष की मुख्य भूमिका है।इस महत्वकांक्षी पैन इंडिया एक्शन फ्रैंचाइज़ में उनके साथ इमरान हाशमी के साथ वामिका गब्बी भी शामिल हैं। मेकर्स ने वामिका की विशेषता वाला एक नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अदिवी शेष के साथ एक शक्तिशाली और रहस्यमय पोज में दिखाया गया है।

वमिका का किरदार इस स्पाई थ्रिलर में एक नया, डायनामिक लेयर जोड़ने का वादा करता है। जी 2 में अदिवी शेष और वामिका गब्बी और इमरान हाशमी के साथ मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। टी जी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल निर्मित, पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्टर्स और एके एंटरटेनमेंट्स के तहत, जी2 ,तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ होगी।



गायक अरमान मलिक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आशना श्रॉफ बुधवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे।

## उद्घाटन



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को छपरा में 'प्रगति यात्रा' के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए ।



# ऑस्कर 2025 के दावेदारों में 'कंगुवा' ने बनाई जगह

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय स्टार सूर्या और 'एनिमल' फेम बॉबी देओल स्टारर 'कंगुवा' पिछले साल रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले दर्शकों में जबरदस्त क्रेज था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। फिल्म को लाउड साउंड स्कोर और दूसरे एक्टर्स के कम स्क्रीन टाइम के चलते यूजर्स ने सोशल मीडिया पर काफी ट्रॉल किया। हालांकि अब 'कंगुवा' को लेकर एक बहुत अच्छी खबर आ रही है। सिरुथाई शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 'कंगुवा' ने लगभग 323 ग्लोबल फिल्मों को टक्कर देते हुए ऑस्कर 2025 के दावेदारों की लिस्ट में जगह बना ली है। फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने एक्स (ट्विटर) पर यह खबर शेयर की है। उनके ट्वीट में दावेदारों की सूची और सूर्या के पोस्टर के साथ लिखा गया है, ब्रेकिंग : कंगुवा ने ऑस्कर 2025 में एंट्री की। जैसे ही यह खबर सामने आई इंटरनेट पर वायरल हो गई। फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई यूजर्स ने एक्स हैंडल पर 'कंगुवा' के मेकर्स, डायरेक्टर और इसकी स्टारकास्ट को बधाई दी है तो कई ने विजयबालन के इस पोस्ट पर फायर इमोजी पोस्ट किए हैं।

कई लोगों ने 'कंगुवा' के ऑस्कर में जाने पर हैरानी भी जताई है। बता दें 'कंगुवा' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म 96 करोड़ रुपए का ही कलेक्शन कर पाई थी। 350 करोड़ के बजट में बनी मूवी मेकर्स के लिए घाटे का सौदा रही। यह फैंटेसी एक्शन ड्रामा 8 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस मूवी से तमिल सुपरस्टार सूर्या ने दो साल के ब्रेक के बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी।

# विनय आनंद का नया भक्ति गीत खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड स्टार गोविंदा के भांजे और भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता और गायक विनय आनंद का भक्ति गीत खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है रिलीज हो गया है। भक्ति गीत खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है को हाल ही में अन्नपूर्णा म्यूजिक ने रिलीज किया है , जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर वायरल हो गया। भक्ति रस से सराबोर इस गाने ने खाटू श्याम के भक्तों के बीच खास जगह बना ली है। खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है गीत खाटू श्याम की महिमा का वर्णन करता है। इस गाने में बाबा के चमत्कारों और उनके भक्तों पर होने वाली कृपा का मार्मिक चित्रण किया गया है। इस गाने को लेकर विनय आनंद ने कहा, मैं हमेशा से भक्ति गीत गाने में रुचि रखता हूं और 'खाटू वाले बाबा' मेरा एक ऐसा प्रयास है जो बाबा के प्रति मेरी श्रद्धा को दर्शाता है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह गाना सभी भक्तों को पसंद आएगा और उन्हें बाबा श्याम के प्रति और भी समर्पित करेगा।

# मेरी बच्ची भारत के गांव से होगी, उसका नाम मलाला होगा : सोमी अली

मुम्बई/एजेन्सी



अभिनेत्री सोमी अली के मन में मां बनने की चाहत जाग गई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी घर बसाने और खुद बच्चे पैदा करने के बारे में क्यों नहीं सोचा? इसके साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि वह एक बच्ची को गोद लेने की योजना बना रही हैं। अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्होंने कभी घर बसाने और बच्चे पैदा करने के बारे में क्यों नहीं सोचा। सोमी ने कहा, पहले मैं एक यंग एज में होने वाली समस्या (शादी को हल्के में लेने की समस्या) से ग्रसित थीं। फिर जब मेरे मन में मां बनने की इच्छा जागी तब 'हिरोइन' के सपने ने मुझे इससे दूर रखा और फिर मुझे वास्तविकता का एहसास हुआ। दरअसल, हर परीकथा की एक लाइफ होती है। अली ने आगे कहा, अगर वे गलतियां या दुर्घटनाएं नहीं होती, तो हम ऐसा क्यों कहते? मेरे अस्तित्व के लिए सबसे अच्छी चीज थी, नो मोर टियर्स (संगठन)। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह एक लड़के या लड़की को गोद लेने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने कहा, भारत से एक बच्चे को गोद लेने की योजना है। अभिनेत्री ने कहा, हां मेरी बच्ची भारत के एक गांव से होगी और उसका नाम मलाला अली होगा। मलाला हिंदी फिल्में देखेगी और आर्यन के बेटे पर क्रश करेगी। मेरे पास सिर्फ भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि पूरी तरह से बदलाव लाने का आत्मविश्वास है, बल्कि यह उजागर करने का भी कि नफरत का कारण नागरिक नहीं हो सकते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दुःख भोगता है। सुख- दुःख का कर्त्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।





# भगवान कृष्ण का बाल स्वरूप प्रेम, स्नेह, आनंद का प्रतीक है: कथावाचक कमल सूंठवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के अन्नानगर स्थित एसआरकेके अग्रवाल सभा भवन में अनुपम ज्वेलर्स के अग्रवाल बंधुओं द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक कमल सूंठवाल ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान के जन्म के उपरांत नंदबाबा के घर में खुशियां छाई हुई थी, सभी गोकुलवासी बहुत ही प्रसन्न होकर हर्षोल्लास के साथ भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मना रहे थे। नंद बाबा तो इस अवसर पर फूले नहीं समा रहे थे, गोपियां भी सिर पर फूलों की टोकरी रख कर रास्ते में फूल बिछा कर खुशियां मना रही थी, सभी बहुत प्रसन्न थे। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव महीनों महीनों तक चला। उनके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में लोग गोकुल आ रहे थे। व्यासाचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के बड़े होने पर उनकी सखा मंडली बन गई। अपनी शाखा मंडली के साथ वह गोपियों के घर जाकर माखन चुराकर खाते थे। उनके नटखट स्वरूप को देखकर गोपिया उनसे अप्रतिम स्नेह करती थी। उन्होंने कहा कि भगवान का बाल स्वरूप प्रेम, स्नेह, आनंद का प्रतीक है। उन्होंने कहा की लीला और क्रिया में अंतर है दूसरों को सुखी रखने की इच्छा लीला कहलाती है। भगवान श्री कृष्ण ने यही लीला की थी जिससे सभी गोकुलवासी प्रसन्न एवं सुखी रहे । उन्होंने कहा कि माखन चोरी का आशय सभी का मन चुराने से है। भगवान श्री कृष्ण ने लोगों के मन की चोरी की थी।

कथा वाचक ने इस अवसर पर कहा कि जब भगवान इंद्र ने कुपित होकर गोकुल पर भारी वर्षा की, तब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी तर्जनी अंगुली पर उठाकर समस्त गोकुलवासियों की रक्षा की। एवं इंद्र के घमंड को चकनाचूर किया । इसी प्रकार उन्होंने राक्षसी पूतना का जहर समान दूध का पान कर उसका उद्धार किया। उन्होंने प्रसंगवश कई मधुर भजन गाकर श्रद्धालुओं को वात्सल्य प्रेम से सराबोर कर दिया। कथा में चेन्नई के अनेक इलाकों से भक्तगण पधार कर कथा का श्रवण कर पुण्यलाभ ले रहे है। कथा आयोजक अग्रवाल परिवार के बाबूलाल केडिया,गिरिराज अग्रवाल, सीताराम गोयल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




# वैष्णव महाविद्यालय में राज्य स्तरीय ओलंपियाड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के लिए डीजी वैष्णव ओलंपियाड राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में शीर्ष दस टीमों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल में चेन्नई हायर सेकेंडरी स्कूल, विरुगमपक्कम बनाम बीसीएस जैन स्कूल ओल्ड वाशरमेनपेट के बीच खेला गया जिसमें चेन्नई हायर सेकेंडरी स्कूल, विरुगमपक्कम ने जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल विवेकानंद विद्यालय मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मदुरांतकम बनाम एजी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल, साऊकारपेट के बीच हुआ जिसमें विवेकानंद विद्यालय मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मदुरंतकम ने जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए एजी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल बनाम बीसीएस जैन स्कूल के बीच हुआ जिसमें एजी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल ने जीत हासिल की। फाइनल मैच चेन्नई हायर सेकेंडरी स्कूल, विरुगमपक्कम बनाम विवेकानंद विद्यालय मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मदुरंतकम के बीच हुआ जिसमें चेन्नई हायर सेकेंडरी स्कूल विजय हुआ। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण कॉलेज सचिव अशोक कुमार मूंदडा, कोषाध्यक्ष अशोक केडिया,प्राचार्य डीजी वैष्णव कॉलेज कैप्टन डॉ एस संतोष बाबू ने किया । विजेता और उपविजेता और तीसरे स्थान के लिए ट्रॉफी पदक और प्रमाण पत्र दिए गए ।

# सहायक साहित्य-वार्तालाप प्रशिक्षण पुस्तिका का हुआ विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय चेन्नई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब, संयोजक उज्ववल रमणसिंह तथा अन्य सांसद उपस्थित रहे।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा राजभाषा क्षेत्र में किए गए कार्य की प्रदर्शनी रखी गई। संयोजक ने बताया कि भारतीय रेल सबसे पुरानी एवं बडी संस्था है।

राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं प्रगति में इसकी जिम्मेदारी बहुत अधिक है और बखूबी निभा रही है। मंडल रेल प्रबंधक विश्वनाथ ईर्या ने सुझावों को अमल कराने का वादा किया। निरीक्षण बैठक के अंत में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा तैयार किए गए सहायक साहित्य-वार्तालाप प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन उज्ववल रमणसिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया ।




# चोरडिया जैन विद्यालय में मनाया गया पोंगल महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के साहुकारपेट स्थित बादलचंद सायरचंद चोरडिया जैन विद्यालय में पोंगल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गौ-पूजा से किया गया। तमिलनाडु का लोकनृत्य और पोंगल पर्व पर छात्र और छात्राओ द्वारा भाषण दिया गया। ग्रामीण पद्धति द्वारा पालकी और बैलगाड़ी मे छात्र-छात्राओ को भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम में रंगोली, पोंगल मेकिंग, फैशन शो आदि प्रतियोगिता में अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.निर्मला और कोकोमेलन-प्री स्कूल के संचालक केएस अशोक रहे।

पत्राचारक अजयकुमार चोरडिया, सचिव सुमेरचंद चोरडिया,समिति के सदस्य, प्रधानाध्यापिका एम.मालिनी अदि उपस्थित थे।




# भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मनाई अपनी 150वीं वर्षगांठ

## विद्यार्थियों ने बनाई आईएमडी-150 की आकृति विन्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, चेन्नई द्वारा एवरविन स्कूल्स ग्रुप के सहयोग से मनाई गई। इस अवसर पर वॉक फॉर वेदर, छात्र-छात्राओं का समूह, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल के 2,000 विद्यार्थियों ने अलग-अलग मुद्राओं में आईएमडी 150 शब्द विन्यास की आकृति बनाई। साथ ही इंद्रधनुष और बारिश की बूंदों के चित्र भी बनाए गए। 25 लड़कियों ने अपने चेहरे और हाथों पर आईएमडी 150 और आरएमसी 80 की आकृति बनाई।

इस अवसर पर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 150 वर्षों की यात्रा का विवरण देने वाली एक विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की थी तथा क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा एक मौसम स्टेशन भी स्थापित किया गया था।

अंत में आईएमडी 150 टी-शर्ट और टोपी पहने 400 छात्रों ने आईएमडी और आरएमसी के कार्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कोलाथुर मुख्य सड़क पर जुलूस निकाला। इस अवसर पर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, चेन्नई के प्रमुख डॉ. एस बालचंद्रन, एवरविन ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सीईओ वी. मागेश्वरी, एवरविन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक वरिष्ठ प्रधानाचार्य बी पुरुषोत्तमन, निदेशक विद्या और मुरलीकृष्ण, स्कूल के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य और शिक्षक उपस्थित थे।

# विश्व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन, तैयारियां जोरों पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दस जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के मौकेपर तमिलनाडु हिन्दी साहित्य अकादमी और पीएम केंद्रीय विद्यालय, गिलनगर के संयुक्त तत्वावधान में काव्य कार्यशाला और सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।


इस अवसर पर हिन्दी काव्य रचना की बारीकियों से नयी पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा और कवियों द्वारा काव्य पाठ भी किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दी दिवस सम्मान 2025 भी दिया जाएगा और पुस्तक का लोकार्पण भी किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि कोयंबतूर के काव्य रसिक और उद्योगपति चन्द्रप्रकाश गोयनका होंगे और विशिष्ट अतिथि देवघर के साहित्यकार अनिलकुमार झा होंगे। समारोह की अध्यक्षता बीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पूर्व कुलपति डॉ निर्मला एस मौर्य करेंगी तथा काव्य कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ वी कल्याणरामन करेंगे। समारोह संयोजक आर पार्वती व आलोक जायसवाल हैं। अकादमी के महासचिव ईश्वर करुण सहित, डॉ स्वाति पालीवाल, प्रणव तिवारी, डॉ सुनीता जाजोदिया आदि कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं ।

# डीजी वैष्णव कालेज का हीरक जयंती समारोह 18 से, तैयारियां तेज

चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत। शहर के प्रसिद्ध द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव कालेज का हीरक जयंती समारोह आगामी 18-19 जनवरी को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी ज़ोर शोर से चल रही है। महाविद्यालय अपने 60वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्तमान समय में कॉलेज में कुल 63 विभाग और 12000 विद्यार्थी है। इस उपलक्ष्य में कालेज दो दिवसीय वैष्णव भक्ति महोत्सव भावात्मक सप्त स्वरूप छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन कर रहा है जिसमें संस्थापक संरक्षक मथुरेश्वर महाराज के परिवार से श्री द्रुमिलकुमारजी शामिल होंगे। इस मौके पर अनेक केन्द्रीय एवं राज्य मंत्री व स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है । महाविद्यालय की प्रबंधन समिति और वल्लभाचार्य विद्या सभा चेन्नई के अनेक पदाधिकारी इस महा आयोजन में शामिल होगें। इस दो दिवसीय कार्यक्रम मे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विट्ठलनाथजी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका, श्री यमुनाजी की पूजा आरती आदि शामिल है । सचिव डॉ अशोक कुमार मूँदड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक केडिया, गिरधारी शाह व प्राचार्य डॉ संतोष बाबू आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी मे लगे हुए है ।

# जैन धर्म की 'अनमोल विरासत' हिंदी वृत्तचित्र का राजस्थान अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के लिए चयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। शहर के शंकरलाल सुंदरबाई शसुन जैन महिला महाविद्यालय द्वारा निर्मित हिंदी वृत्तचित्र(लघु फिल्म) अनमोल विरासत (तमिलनाडु में जैन धर्म)' का राजस्थान अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के लिए चयन किया गया है।

यह फिल्मोत्सव 1 से 5 फरवरी तक जोधपुर में होगा। महाविद्यालय की सचिव उषा-अभय श्रीश्रीमाल एवं सहसचिव डॉ. हरीश एल. मेहता के इस वृत्तचित्र के निर्देशक है। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन एजुकेशनल सोसायटी के महासचिव अभय श्रीश्रीमाल जैन द्वारा निर्मित इस वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) में शसुन कॉलेज के मीडिया, मनोरंजन व संचार तथा कला व संस्कृति के उत्कृष्टता केंद्र एव कॉलेज के जैनविद्या विभाग का दो वर्ष का परिश्रम जुड़ा है।

अभुषा फाउंडेशंस के शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने बताया कि केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से विधिमान्य इस वृत्तचित्र में जहाँ तमिलनाडु में विद्यमान प्राचीन जैन गुफाओं, साधना शैय्याओं, शिलालेखों, शैलमूर्तियों, प्रतिमाओं और जिनालयों को दर्शाया है, वहीं वर्तमान में जैन समाज द्वारा किए जा रहे साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, मानव-सेवा और जीव-दया के अनेक कार्यों को भी फिल्मांकित किया गया है। 44 मिनट 40 सेकंड के इस वृत्तचित्र में जैन धर्म की सभी संप्रदायों के योगदान को बताया गया है।



# ब्यावर एसोसिएशन ने अपने संस्थापक अध्यक्ष भंवरलाल गोठी को याद किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के ब्यावर एसोसिएशन मद्रास ट्रस्ट द्वारा आयोजित मास्टर हेल्थ कैंप एवं भंवरलाल गोठी के जन्म शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर उनके परिवार के भंवरलाल अजीत कुमार गोठी ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा एवं कैंसर चिकित्सा अभियान का आयोजन किया गया। आरवाईए कॉस्मो के प्रांगण एवं मनोहरराज कमला कांकरिया कैंसर हॉस्पिटल में शिविर का आयोजन किया। अध्यक्ष अजीत गोठी ने सभी का स्वागत किया तथा ब्यावर एसोसिएशन के मेडिकल रिलीफ प्रोजेक्ट हेतु उनके द्वारा 25 लाख की राशि भी घोषित की। इस मौके पर भंवरलाल गोठी को याद किया गया।

पूर्व अध्यक्ष एमजी बोहरा, फूलचंद नाहर, रिखबचंद बोहरा, पुखराज गुलेच्छा, राजकुमार कोठारी, उपाध्यक्ष सुरेश लूणावत, प्रकाश बोहरा ने अपने विचार व्यक्ति किए। सचिव राजेश बोहरा ने धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य शिविर में महेंद्र कुंकुलोल, सुनील बोहरा, विकास कोठारी, सुमित भिड़कचा, पदम बोहरा, विनोद छाजेड़, राजेश रांका, अनराज कोठारी, शैलेश मोदी, संतोष मोदी आदि का सहयोग रहा। संचालन अजय नाहर ने किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.